रांची, मंगलवार

17.12.2024

वर्ष : 10, अंक : 17 पृष्ठ : 12

मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988




# लोस में आज पेश होगा एक देश एक चुनाव से जुड़े विधेयक, भाजपा ने जारी किया व्हिप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश एक चुनाव से जुड़े दोनों विधेयक पेश करेंगे।

इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कल लोकसभा में कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्य एवं चर्चा के लिए सदस्य सदन में उपस्थित रहें।

पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा। इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू व कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके।

दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी। इसके बाद गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों को संसद में पेश किए जाने की मंजूरी दे दी थी। इनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में है।

उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और अपनी सिफारिशें की थीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को उज्जैन (मध्य प्रदेश) स्थित बाबा महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगल कामना की।

# जेएससीसी का घेराव करने जा रहे छात्रों पर लाठीचार्ज, तीन हिरासत में

बिभा संवाददाता

**रांची।** जेएससीसी-सीजीएल परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन रोके जाने का अभियान चलाने वाले छात्रों पर सोमवार को पुलिस ने लाठियां बरसायीं। घेराव करने जा रहे छात्रों को पहले पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर उनपर लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर मारा। मौके पर छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, मधु रजक और मनोज कुमार महतो को हिरासत में लिया गया है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार देर रात बताया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन सोमवार से शुरू हुआ है। उन्हें सूचना मिली कि कुछ उम्मीदवारों को उनका डॉक्यूमेंट फाड़ने और जेएसएससी कार्यालय में प्रदर्शन होने वाला है। जिसे लेकर एसडीओ ने परिसर में धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की।



सोमवार को जब डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कार्य चल रहा था, तब नामकुम बाजार से सदाबहार चौक तक 200 की संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंचे थे, जिनका नेतृत्व देवेंद्र महतो कर रहे थे। वहां मौजूद दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी द्वारा समझाने के बाद भी सड़क जाम और डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए आ रहे छात्रों को प्रभावित कर रहे थे। इसके बाद प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग किया। साथ ही देवेंद्र महतो और उनके दो साथी मधु रजक और मनोज महतो को हिरासत में लिया गया।

एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार बाते आ रही थी कि बड़ा ही उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस वजह से संयुक्त आर्डर निकाला गया। इसके बाद एसडीओ ने जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की थी। उन्होंने कहा कि आयोग और सरकार के समक्ष अपनी बातों को रखें। सड़क जाम नहीं हो, स्कूल के बच्चे नहीं फंसे और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह कार्रवाई की गयी। एसएसपी ने कहा कि कोई भी आंदोलन ना करें। आपके आंदोलन से आम जनता को परेशानी होगी और विधि व्यवस्था की समस्या होगी तो वह विधि अनुरुप कार्रवाई करेगी। इससे पूर्व भी 30 सितंबर को हिंसक प्रदर्शन हुआ था। उस दौरान पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे, और तोड़ फोड़ किया गया था। उस मामले की भी जांच की जा रही है।

वहीं जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार ने बताया कि 430 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया है। आगे भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### छह नये सदस्यों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को छह नव निर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही शुरू होते ही पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस के रिताब्रत बनर्जी , हरियाणा से भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा, आन्ध्र प्रदेश से भाजपा के रायगा कृष्णैया ,ओडिशा से भाजपा के सुजीत कुमार और आन्ध्र प्रदेश से तेलुगु देशम के एम राव यादव और साना सतीश बाबू को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी।

### भारत और बांग्लादेश ने मनाया विजय दिवस, 1971 के युद्ध के वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

**कोलकाता ।** भारत और बांग्लादेश ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर दोनों देशों के युद्धवीरों और सैन्य अधिकारियों ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में 1971 के युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी धर्मों के गुरुओं ने प्रार्थना की और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना के अनुसार, भारत से आठ युद्धवीर और दो सैन्य अधिकारी बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए ढाका पहुंचे, जबकि बांग्लादेश के आठ मुक्ति योद्धा और दो सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अमीनुर रहमान के नेतृत्व में कोलकाता में आयोजित विजय दिवस समारोह में भाग लेने भारत आए विजय दिवस का महत्वः विजय दिवस हर वर्ष 16 दिसंबर को भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत की स्मृति में मनाया जाता है। 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मात्र 13 दिनों की लड़ाई में पाकिस्तान ने हार मानकर ढाका में आत्मसमर्पण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस जीत के बाद पूर्वी पाकिस्तान आजाद होकर बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया।

# राज्य में शीतलहर से पड़ रही कड़ाके की ठंड, 20 से बारिश की संभावना

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शीतलहर की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। ठंड की वजह से रूम हीटर की बिक्री बढ़ गयी है जबकि गरीब लोग जलावन के सहारे ठंड काट रहे हैं। लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से ठंड का प्रकोप बढ़ा है।



रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे। दक्षिणी-पूर्वी झारखंड में हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक-दो दिनों तक न्यूनतम तापमान गिरेगा। 20-21 दिसम्बर को कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। तमिलनाडु में एक सिस्टम बन रहा है। इसका असर झारखंड पर आंशिक रूप से पड़ सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। राज्य में कई जगहों पर शीतलहर भी चली। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेंटीग्रेड लोहरदगा में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत पेशी से छूट मामले की झारखंड हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 16 जनवरी को

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज किए जाने की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। अब अदालत इस मामले में 16 जनवरी को सुनवाई करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता पियूष चित्रेश, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने बहस की। अगली सुनवाई तक ईडी को काउंटर एफेडेविट दायर करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेएमपी-एमएलए कोर्ट के उस आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। हाइड्रोग्राफी पर सहयोग पर भी सहमति बनी है।

उन्होंने कहा कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने श्रीलंका में निर्माण और सुलह के बारे में भी बात की। राष्ट्रपति दिसानायके ने उन्हें अपने समावेशी दृष्टिकोण के बारे में बताया। हमें उम्मीद है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के पूर्ण कार्यान्वयन और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायके को आश्वासन दिया है कि भारत कई मायनों में श्रीलंका के विकास के उनके प्रयासों में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके तहत समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, साइबर सुरक्षा, तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाया जाएगा। भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच आपसी संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपनी साझेदारी के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर जोर दिया है।



उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका ने भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा संपर्क को अपनी साझेदारी का आधार बनाने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड संपर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। इस सहयोग से उच्च क्षमता वाले पावर ग्रिड इंटरकनेक्शन का निर्माण संभव होगा। इसके अतिरिक्त, एक बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन भी स्थापित की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण और अनुदान प्रदान किया है। अगले पांच वर्षों में 1,500 श्रीलंकाई सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पादों का चयन हमेशा हमारे साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाता है। मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों से लोगों तक संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत में पाली भाषा को ह्लशास्त्रीय भाषाह्व का दर्जा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनाई गई। उन्होंने कहा कि फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया है। हमने तय किया है कि नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई फेरी सेवाओं की सफल शुरूआत के बाद अब भारत में रामेश्वरम और तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जाएगी। श्रीलंका के बौद्ध सर्किट और रामायण ट्रेल के माध्यम से पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार करने के लिए भी काम किया जाएगा।

# एनसीईआरटी देश का सामूहिक शैक्षणिक भंडार है : धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को भारतीय शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शुरूआत पर कहा कि एआई आज दुनिया में हर चीज को प्रभावित कर रहा है। एनसीईआरटी को देश का सामूहिक शैक्षणिक भंडार बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से वीडियो और एनीमेशन के साथ बोलने वाली किताब की कल्पना की जा रही है, उसे पारंपरिक पुस्तक मुद्रण के साथ जोड़कर, एनसीईआरटी ऐसा करने के लिए सही मंच है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री आज राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) मुख्यालय में नए एनसीईआरटी ऑडिटोरियम के लिए भूमि पूजन के बाद



संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एनसीईआरटी और ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की भी अध्यक्षता की। इससे देशभर में, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में एनसीईआरटी प्रकाशनों की सस्ती और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। मंत्री ने गूगल लर्निंग सेंटर का भी उद्घाटन किया, जो एआई सहित डिजिटल टूल्स पर शिक्षकों और शिक्षाविदों की क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा। यह अत्यधुनिक लैब 40 लोगों के लिए पर्याप्त कंप्यूटर और नेटवर्किंग सुविधाओं के साथ बनाई गई है। इसके साथ ही, पीएमईविद्या डीटीएच टीवी चैनलों के प्रसारण के लिए 200 यूट्यूब चैनल बनाए गए हैं। उन्होंने निष्ठा एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल, निष्ठा-ईटी, कौशल और एडु-लीडर भी जारी किए।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनसीईआरटी और फ्लिपकार्ट के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने से एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता बढ़ेगी और उन्हें देश भर में शिक्षार्थियों के घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि निष्ठा शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल और गूगल इंडिया द्वारा अनुभवात्मक शिक्षण केंद्र जैसी पहल शिक्षकों की क्षमताओं को मजबूत करेगी और शिक्षकों और छात्रों दोनों को सशक्त बनाएगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनसीईआरटी भारत का गौरव है और देश की शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है। उन्होंने इसे केवल एक संस्थान नहीं बल्कि देश के लिए एक सामूहिक शैक्षणिक भंडार बताया।

कार्यक्रम में एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने आगामी शैक्षणिक वर्ष से कक्षा 9 से 12 तक की पाठ्यपुस्तकों की कीमतों में 20 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि पाठ्यपुस्तकों की कीमत में उल्लेखनीय कमी की गई है। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष के लिए कक्षा 9 से 12 तक की सभी पाठ्यपुस्तकें एनसीईआरटी द्वारा मौजूदा कीमत से 20 प्रतिशत कम कीमत पर बेची जाएंगी। इस बीच, कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकें 65 रुपये प्रति मूल्य पर बिकती रहेंगी।

# सुशासन पर जोर दे सरकार:विपक्ष

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राज्यसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष ने कहा कि पहले संविधान को ह्यएक परिवारह्व का हित साधने के लिए संशोधित किया जाता रहा है जबकि विपक्ष ने कहा कि सरकार को सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकार संरक्षित करने के साथ संवैधानिक व्यवस्थाओं के अनुसार सुशासन पर जोर देना चाहिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में ह्यभारतीय संविधान की 75 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्राह्व पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की मजबूती के बजाय एक परिवार की मजबूती के लिए संविधान संशोधन किये। उन्होंने कहा कि संविधान विशेषज्ञों के अनुसार संविधान



संशोधनों को कुछ कसौटियों से गुजरना होता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन जन कल्याण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए नहीं बल्कि पार्टी और प्रधानमंत्री की छवि को ध्यान में रखकर किये गये। उन्होंने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को चुनौती देने वाले मामले के न्यायालय में लंबित होने के बावजूद 39वां संशोधन लाया गया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए संसद में संविधान का संशोधन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संशोधन परिवार और नेता को बचाने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों के साथ कभी भी सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### बिरसा कृषि विवि के विद्यार्थियों ने स्टार्टअप प्रतियोगिता में प्राप्त किया दूसरा स्थान

**रांची/बिभा संवाददाता।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय के चार छात्र छात्राओं की टीम ने 'सांभ्रम 5.0' के अंतर्गत आयोजित स्टार्टअप प्रतियोगिता 'प्रारंभ' में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खाद्य और कृषि व्यवसाय सम्मेलन था, जिसे इंपीरियल स्कूल ऑफ एग्री-बिजनेस, नोएडा द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित किया गया था।



टीम बिरसाइंस में शामिल बिजू रॉय, सुमित कुमार, लक्ष्मी कुमारी और कल्पना कुमारी ने अपने अभिनव विचार और उत्कृष्ट प्रस्तुति से जजों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में 84 टीमों में से 13 टीमों ने अंतिम चरण में भाग लिया। टीम के विचार को विशेष रूप से स्काईफाई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और संस्थापक राहुल लखमानी द्वारा सराहा गया। टीम को उत्कृष्टता प्रमाणपत्र और 15,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख संस्थानों जैसे गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड; राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा; भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली और सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। टीम ने यह उपलब्धि वानिकी महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ए.के. चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में हासिल की। इस जीत ने छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे, वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक तथा डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी है।

### महाकवि घासीराम महली जयंती मनाने के लिये एक बैठक रखी गयी

**रांची/बिभा संवाददाता।** महाकवि घासीराम महली जयंती सह महोत्सव का प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी जयंती सह महोत्सव मनाने हेतु उनके जन्म स्थल ग्राम करकट, बीजुपाड़ा, चांहो, रांची में 15 दिसंबर को एक बैठक रखी गयी थी जिसमें आगामी 17 जनवरी 2025 को जयंती सह महोत्सव धूम धाम से मनाने हेतु निर्णय लिया गया हैं।



इस बैठक का नेतृत्व स्मारक समिति के अध्यक्ष मकेश्वर महली जी के द्वारा किया गया इस बैठक में त्रिपुरारि तिवारी, भोला महली, मनोज महली, करकट ग्रामवाशीयों के साथ,चान्हो प्रखंड प्रमुख देवेन्द्र महली, अरविंद धान भरनो प्रखंड एवं अखिल भारतीय महली कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश राम महली एवं कोषाध्यक्ष रविशंकर महली, स्मारक समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सक्रीय सदस्य साथ ही स्मारक समिति के सक्रिय सदस्य महाकवि जी के जन्मस्थल करकट उपस्थित नहीं हो सके तमाम लोग कॉन्फ्रेंस मीटिंग्स के माध्यम से जुड़े जिसमें मुख्य रूप से बीजुपाड़ा, मांडर, इटकी, बेड़ों, धुर्वा, रांची,नगड़ी,भरनो गुमला, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, दिल्ली, राउरकेला इत्यादि स्थानों से ऑनलाइन मीटिंग्स में चढ़- बढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित किए और कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया जो इस प्रकार हैः देश के विभिन्न क्षेत्रों में नागपुरी भाषा साहित्य प्रेमियों के बीच महाकवि घासीराम का प्रचार-प्रसार, आमंत्रण पत्र, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि पर चर्चा,बाहर से आने वाले माननीय अतिथियों जैसे आसाम, बंगाल, उड़ीसा, बिहार, छत्तीसगढ अन्य राज्यों एवं दूर दराज से आने वाले अतिथियों के भोजन एवं ठहरने के लिए उत्तम वयवस्था,और सहयोग धनराशि संग्रह के साथ साथ विभिन्न अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस कड़ाके की ठंडी मौसम के मद्देनजर कार्यक्रम के सफ़लतापूर्वक आयोजन हेतु विचारों का आदान-प्रदान में सुविधा हेतु गूगल मीट्स से कॉन्फ्रेंस ऑनलाइन मीटिंग्स का लाभ उठाने हेतु गणमान्य सदस्यों से अनुरोध किया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके और सभी के मार्गदर्शन, सुझाव, सलाह से महाकवि घासीराम स्मारक समिति, करकट, बीजुपाड़ा रांची में 17 जनवरी 2025 के कार्यक्रम को महली समाज के साथ, विभिन्न समुदायों, नागपुरी भाषा प्रेमियों का सहयोग सुनिश्चित करने में सभी की सामाजिकीय भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके।

### खादी मेला जैसे आयोजन को बढ़ावा देने से छोटे व्यवसायी सशक्त होंगे

**रांची/बिभा संवाददाता।** फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स की कॉटेज इंडस्ट्री उप समिति की बैठक शनिवार को चैम्बर भवन में संपन्न हुई। बैठक में माध्यम वर्ग के लोगों को स्वावलंबन की ओर प्रेरित करने हेतु MSME के लिए सहायक योजनाओं और सहकारी संगठनों के माध्यम से उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के तरीकों पर चर्चा की गयी।




यह कहा गया कि खादी मेला जैसे आयोजन को बढ़ावा देने से न केवल स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा सकता है बल्कि यह स्वदेशी उद्योगों और छोटे व्यवसाइयों को भी सशक्त करेगा। इसके लिए सम्बंधित विभाग को पत्राचार कर आवश्यक कदम उठाने की भी बात कही गयी। मेले का आयोजन कर इसे सफल बनाने के उद्देश्य से झारखण्ड सरकार से आर्थिक सहयोग एवं सब्सिडी के लिए आवेदन करने की बात कही गयी। युवाओं को जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार करने की बात कही गयी। स्वदेशी व्यापार को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तक पहुंचाने हेतु रणनीति बनाने की बात पर चर्चा की गयी। यह निर्णय लिया गया की समय समय पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। यह पहल राज्य में आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बैठक में चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग उप समिति चेयरपर्सन अंकिता वर्मा, सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रमोद सारस्वत, मनीष पियूष सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# सोनाहातू बाजार का जल मीनार खराब, पेयजल की हुई समस्या

बिभा संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड के बाजारटांड़ में स्थित जल मीनार एक माह से खराब पड़ा हुआ है। जल मीनार खराब होने से लोगों को पेयजल के लिये काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। जल मीनार से सोनाहातू, बारुहातू, गोमियाडीह, गाड़ाडीह, सारमाली गांव के 2 हजार परिवार को पानी पहुंचाया जाता रहा है। 4 लाख लीटर वाला टंकी का निर्माण 2019 में साढ़े 7 करोड़ रुपए से किया गया था। जल मीनार से लोगों को काफी उम्मीद रहीं है। लेकिन जल मीनार खराब होने से पेयजल के लिये हाहाकार मचा हुआ है। उपभोक्ताओं ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में पाइप फट गया है। नया पाइप बदलने का किसी ने कोई जरूरत नहीं समझा है।
पंचायत के मुखिया सविता देवी ने कहा कि पानी सप्लाई का जिम्मेवारी जल स्वच्छता समिति को मिलनी चाहिए थी लेकिन संवेदक के लोग ओर ग्रामीण संचालन करते है। खराबी हुई है तो बनाने की जिम्मेवारी भी इन लोग को लेना चाहिए। इस संबंध में उपभोक्ता मुन्ना आलम ने कहा कि पानी सप्लाई बंद होने से काफी परेशानी हो रही है। बहुत दूर से पेयजल लाना पड़ रहा है।एक माह से सप्लाई बंद होने से घर में काफी परेशानी हो रही है। जल सहिया मालिका देवी ने कहा कि सप्लाई बंद होने से महिलाओं को काफी दिक्कत हो रहा है। सारा काम कार्य छोड़ को पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है। दो दिन का पानी घर में स्टॉक करना पड़ रहा है। ग्रामीण फ्रूटी प्रमाणिक ने कहा कि जल मीनार खराब होने से पानी के लिए काफी दिक्कत हो रहा है। घर में पानी लाने के लिए काफी समय खर्च हो रहा है। पानी का कटौती करके का चलाया जा रहा है। व्यवसायी लंकेश्वर दास ने कहा कि लोगों को जल मीनार से पानी मिलता रहा है। जिस कारण कोई अन्य व्यवस्था नहीं किया। अचानक से पानी सप्लाई बंद हो जाने से पानी की व्यवस्था करना लोगों के लिये काफी दिक्कत हो रहा है। विभाग को पहल करनी चाहिए। विभाग के सहायक अभियंता टेलेस्फोर मिंज ने कहा कि पानी सप्लाई को विभाग निगरानी करती है। जानकारी मिली है कि गोमियाडीह सड़क निर्माण कार्य में पाइप फट गया है। सड़क निर्माण कंपनी को पाइप बदलने की जिम्मेवारी है। लेकिन कंपनी कीट रुचि नहीं ले रहा है। ग्रामीणों को पानी की दिक्कत हो रही है। सड़क निर्माण कंपनी पाइप बदलने दबाव दिया जा रहा है।

## छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और घोर निंदनीय : बाबूलाल मरांडी

- लोकतांत्रिक अधिकारों को लाठी डंडे से कुचलने की हो रही कोशिश
- सीबीआई जांच की अनुशंसा कर मुख्यमंत्री गतिरोध समाप्त करें



बिभा संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची में झारखंड पुलिस द्वारा राज्य सरकार के इशारे पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की कठोर भर्त्सना की।
श्री मरांडी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है।राज्य सरकार लाठी डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है।
उन्होंने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छात्रों, बेरोजगारों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है।
कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। कहा कि हेमंत जी, अपनी हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती छात्रों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करें। वे सीजीएल परीक्षा को अपनी नाक, अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाएं और छात्रहित में सीबीआई जांच की सिफारिश कर गतिरोध समाप्त करें।

# शंकर साबू ने मैराथन में भाग लेकर मुरहू का नाम किया रौशन

बिभा संवाददाता



**खूँटी।** जिले के मुरहू प्रखंड के निवासी शंकर साबू ने कलकत्ता में टाटा स्टील कंपनी के आमंत्रण में 25 किलोमीटर की मैराथन दौड़ पूरी कर अपने प्रखंड मुरहू और क्षेत्र खूँटी का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सफलता हासिल की है, बल्कि अपने इलाके के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने हैं। उनकी इस मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान लोग भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सकते हैं। शंकर साबू की यह उपलब्धि निश्चित रूप से मुरहु प्रखंड के लिए गर्व का क्षण है। अपने मित्र समीर और उनकी पत्नी पल्लवी जो बंगलोर में रहते हैं। जिनके साथ इस 25 किलोमीटर की मैराथन दौड़ को पूरी कर मैडल हासिल किया। शंकर साबू , समीर बचपन बचपन के मित्र हैं और आज 48 साल में भी उनकी जुनून की हद ऐसी की 45 किलोमीटर की दौड़ भी करते है। मुरहू प्रखण्ड के उपप्रमुख अरुण साबू ने बताया कि हिन्दुतान में कहीं यदि मैराथन होता है तो अपनी जुनून और अपनी इच्छा से ये तीनो अपने शौक को पूरा करते हैं। शंकर साबू ने बताया कि हमारे पिताजी भी एक अच्छे धावक थे। हमारे बड़े भाई अरुण साबू एक अच्छे फुटबॉल और बैडमिंटन सहित बॉलीबॉल और धावक रह चुके है। इसके असर से हमने भी इस लाइन को अपने जीवन मे रखा है लोगो को जागृत करने का काम करते है इससे शरीर मे फुर्ती आते है और स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। आज तक अधिकतर अपने गाँव मुरहू और जिला खूँटी के नाम के लिए में भी इसे अपने जीवन में सजा कर रखा हूँ। आगे भी कभी हमारे जिले को मेरी आवश्यकता होगे तो हम इस पर अपनी सहयोग देंगे। शंकर साबू ने मैराथन की दौड़ रविवार 15 दिसम्बर को आयोजित मैराथन सुबह 6 बजे से कलकत्ता विक्टोरिया मैदान 0 से 25 किलोमीटर शुरू हुआ। इस मैराथन का आयोजन टाटा स्टील के द्वारा किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मारांगबुरु पर्व, मरांगबुरु पर्व

**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू पंचायत के नीमडीह में मांरांगबुरू पर्व को आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक माना जाता है। इसी धरोहर को सोमवार को मनाया गया। मारांगबुरु पूजा के अवसर पर मुखिया विकास सिंह मुंडा ने लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर धरोहर को बचाने का संकल्प लिया। मारांगबुरु को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विकसित किया जाएगा।इसके पूर्व पाहान सोमा मुंडा एवं लेनिन मुंडा के द्वारा बुरू पूजन किया गया ।इस अवसर पर कई जगहों से सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आदिवासी व्यंजन खानपान का स्टॉल सहित आदिवासी पोशाक, ढोल नगाडा. विक्रय केंद्र आदिवासी साहित्य पुस्तक का स्टॉल लगाया गया था। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री रामदयाल मुंडा के सुपुत्र प्रोफेसर गुंजल ईकीर मुंडा मौजूद थे।

## एसबीयू और एनआईएसएम के बीच हुआ एमओयू




बिभा संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और एनआईएसएम के जीएम डॉ. संजीव बजाज ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। समझौते के अंतर्गत वित्तीय बाजार में करियर बनाने को उत्सुक विवि के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे। सेबी द्वारा स्थापित इस संस्थान से सफलतापूर्वक कोर्स उत्तीर्ण कर विद्यार्थी रोज़गार के अलावा स्वरोजगार के क्षेत्र में भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम से एसबीयू के शिक्षकों को भी वित्तीय बाजार के विषय में नवीनतम और अद्यतन जानकारियां मुहैया करवायी जायेगी। विवि परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में विवि के कुलपति श्रीधर डांडीन समेत शिक्षकगण एवं अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस एमओयू पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### एनएसयूआइ के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से मिला एवम् ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि 2024 पीएचडी प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र में स्नाकोत्तर सेमेस्टर 4 के छात्र छात्राओं को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित करने हेतु योग्य माना जाए । आपको ज्ञात होगा कि स्नाकोत्तर सेमेस्टर 4 के विद्यार्थी NET और JET की भी परीक्षा देते है। हवाला दिया कि 2013 में लखनऊ के केंद्रीय विश्विद्यालय, बाबा भीमराव अंबेडकर विश्विद्यालय में PG सेमेस्टर 4 के छात्र छात्राओं को यूनिवर्सिट पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा में शामिल किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है कि 2024 पीएचडी प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र में स्नाकोत्तर सेमेस्टर 4 के विद्यार्थीयों को प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित करने हेतु योग्य माना जाए और तत्काल इस संबंध में अधिसूचना जारी किया जाए। कुलपति ने कहा कि मांग जायज़ है, इसमें हम लोग बहुत जल्द नया नोटिफिकेशन निकाल कर जोड़ देंगे।

### विश्व सर्वभाषा कवि सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. ममता सिन्हा

बिभा संवाददाता



**रांची।** झारखंड की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. ममता मनीष सिन्हा को प्रसार भारती आकाशवाणी दिल्ली द्वारा आयोजित विश्व के सबसे बड़े सर्वभाषा कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम 18 दिसंबर से 19 दिसंबर 2024 तक आकाशवाणी मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित होगा। डॉ. ममता मनीष सिन्हा का चयन संथाली भाषा की अनुवादिका के रूप में हुआ है। उल्लेखनीय है कि 21 भाषाओं के चयनित कवियों द्वारा कविताओं का हिंदी अनुवाद प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी, रामावतार बैरवा ने बताया कि डॉ. ममता मनीष सिन्हा का चयन उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक प्रतिभा और संथाली भाषा पर उनकी गहरी पकड़ को देखते हुए किया गया है। डॉ. ममता न केवल एक प्रतिष्ठित कवयित्री हैं, बल्कि कुशल मंच संचालिका और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वह कौशल विकास परियोजना अन्तर्गत गुगन नीटवेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने के क्षेत्र में काम कर रही हैं। इसके अलावा, वह महिलाओं और दिव्यांगजनों की शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों के समाधान हेतु विभिन्न क्षेत्रीय एनजीओ के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। डॉ. ममता मनीष सिन्हा ने कहा कि झारखंड का विश्व पटल पर प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह अवसर मेरे राज्य के साहित्य और संस्कृति को नई पहचान देगा। पिछले 68 वर्षों से आकाशवाणी द्वारा इस कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, और डॉ. ममता का इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चयन झारखंड के साहित्य जगत के लिए गौरव का विषय है। डॉ. ममता पूर्व में भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं।

## मारांगकिरी मैदान में जय आदिवासी संजय सपोर्टिंग बना लखटकिया विजेता

बिभा संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा पंचायत अंतर्गत मारांगकिरी-चरकुडीह में अगहन संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 41 वां एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। खेल का उटघाटन खेल संस्थापक अरूण महतो, जमीनदाता वनमाली सिंह मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, शोभा सिंह मुंडा, सुखराम सिंह मुंडा, समल सिंह मुंडा, दीपक सिंह मुंडा, सम्बद सिंह मुंडा, विदेशी सिंह मुंडा, विश्राम सिंह मुंडा, सिताई सिंह मुंडा, मुला सिंह मुंडा, डुगरु सिंह मुंडा, सुभाष प्रमाणिक, बुधु सिंह मुंडा एवं मारांगकिरी के ग्रामप्रधान मनसा सिंह मुंडा ने किया। खेल के उद्घाटन में समाज सेवी शंकर साव, ग्राम प्रधान दीनबंधु सिंह मुंडा, विजय उराँव, अशोक कुमार महतो, गोपाल पुरान, रशोराज नागसेन, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रमेश सिंह मुंडा, पूर्व जिला परिषद उम्मीदवार प्रतिनिधि धर्मेन्द्र महतो, बारेंदा पंचायत समिति प्रतिनिधि हिकिम महतो, पूर्व उपप्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ महतो, पूर्व उपमुखिया निमाई चन्द्र राय मौजूद थे। मैदान A में जिन्तुडीह के ग्रामप्रधान दीनबंधु सिंह मुंडा एवं मैदान B में बारेंदा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हिकिम महतो ने फ्री किक मारकर किये। मारांगकिरी के इस ऐतिहासिक मैदान में हजारों की संख्या में दर्शकों का जनसैलाब उमड़ा। सभी खेल प्रेमी बहुत ही आनन्द और शांति पूर्वक खेल का मनमोहन लुफ्त उठा रहे थे। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जय आदिवासी संजय स्पोर्टिंग पण्डाडीह विजेता एवं एलडीएमएफसी मिलन चौक का टीम उपविजेता रहा। विजेता टीम को नगद 1 लाख 5 हजार 1 रूपया एवं ट्रॉफी और उपविजेता टीम को नगद 75 हजार 1 रूपया एवं एक ट्रॉफी और यूनियन स्टार सिकीदिरी तृतीय और मानभूम एफसी को चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 35-35 हजार रूपये की राशि एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौके पर गंज परिवार के सुनील सिंह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष चितरंजन महतो मुरी ओपी कुंदन सिंह, तारकेश्वर महतो, मुखिया सुभद्रा देवी, उपमुखिया प्रतिनिधि मकुंद सिंह मुंडा, खेल विभाग के वरिष्ठ महानुभाव धनु नाग, वनविभाग की ओर से करमा होरो, आजसू के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार , राजेन्द्र महतो, पूर्व शिक्षक चंदमोहन महतो, पूर्व शिक्षक कंचन महतो, पूर्व शिक्षक हिकिम सिंह मुंडा, डॉ विन्देश्वरी महतो, मारांगकिरी विद्यालय के प्रध्यानाध्यापक संदीप दत्ता आदि उपस्थित थे।

# वाटर फॉल व खंडोली पर्यटक स्थलों को विकसित करेंगे मंत्री सुदिव्य

बिभा संवाददाता



**रांची।** नगर विकास व आवास विभाग, पर्यटन, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शनिवार को पर्यटक स्थल वाटर फॉल खंडोली पहुंचें. यहां पर मौजूद अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर इन दोनों पर्यटक स्थलों के विकास को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही विकास कार्यों को मूर्त्त रूप देने के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया. सर्वप्रथम मंत्री श्री सोनू वाटर फॉल पहुंचे. यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों के अलावे वन समितियों के सदस्यों के साथ बैठक कर विकास को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की। वाटर फॉल में नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र की सुंदरता व खूबसूरती बरकरार रखने की दिशा में कदम उठाने की बात कही गयी. इसके लिए उपस्थित अधिकारियों को कई निर्देश दिये गये. उन्होंने पूरे स्थल का भ्रमण कर हर पहलू की जानकारी प्राप्त की. इस संबंध में मंत्री श्री सोनू ने बताया कि आज जिले के तमाम प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ गंगापुर, चतरो, भितिया व महुआटांड़ वन समितियों के तमाम साथियों के साथ बैठक की गई. उन्होंने कहा कि वाटर फॉल में नागरिकों को बेहतर सुविधा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कुछ कामों का हमलोगों ने प्लानिंग किया है. यहां पर टूरिस्ट हट बनाया जायेगा. पार्किंग जोन की बेहतर व्यवस्था करनी है. कहा कि इस टूरिस्ट जोन को प्लास्टिक फ्री जोन घोषित करना है. यहां की साफ सफाई के लिए यहां की समितियों का दायित्व रहेगा. यहां पर सारा कचरा इकट्ठा होने के बाद नगर निगम द्वारा गाड़ी भेजकर कचरा का उठाव किया जायेगा. कहा कि शहर का यह महत्वपूर्ण स्पॉट है. नगर निगम को यह दायित्व दिया गया है कि वह सप्ताह में दो दिन गाड़ी भेजकर कूड़ा-कचरा उठाकर ले जायेंगे। मंत्री ने कहा कि प्लास्टिक फ्री जोन घोषित करने से इस स्थल की सुंदरता व खूबसूरती बरकरार रह जायेगी. आने वाले वर्ष के अक्टूबर माह तक जिन चीजों का निरीक्षण किया गया है उसे पूरा करने की दिशा में कार्य किया जायेगा. इधर, मंत्री श्री सोनू ने पर्यटक स्थल खंडोली का दौरा किया. यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर इसके विकास को लेकर गहन चर्चा हुई. उन्होंने खंडोली डैम का भी निरीक्षण किया. श्री सोनू ने कहा कि टूरिस्ट के लिए कुछ जरूरतों पर गहन विचार विमर्श किया गया. कहा कि लैंड की तकनीकी सीमा से परे जाकर वन विभाग को पैसा देकर टूरिस्ट के लिए सुविधा उपलब्ध कराना चाहते हैं. कहा कि यहां पर भी अगले साल अक्टूबर माह तक बेहतर सुविधा दिखेगी।

**ये थे मौजूद :** मौके पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, डीडीसी स्मृता कुमारी, उप नगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक, डीएफओ मनीष कुमार तिवारी सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## विधायक अमित महतो ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता



**सोनाहातू / राहे।** विधायक अमित कुमार महतो ने सोमवार प्रखंड के सोनाहातू लैम्प्स जामुदाग और बांकू में सरकारी धान क्रय अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत रूप में फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसानों को धान क्रय केंद्र में उचित मूल्य समय पर मिले।किसान अपनी फसल धान को सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचें।ताकि उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य मिल सके।इस दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पॉल बाखला ने बताया कि बोनस सहित किसानों से 24 रुपया प्रति किलो धान खरीदा जायेगा। क्षेत्र के किसान क्रय केंद्र में धान बेचकर लाभ उठावें। मौके पर बीडीओ खगेश कुमार, प्रमुख विक्टोरिया देवी, बीएसओ बसन्त महतो, रोहितोष महतो, जींतु मुखिया प्रतिनिधि कलेवर मुण्डा,लैम्प समिति के अध्यक्ष बाबूलाल सिंह मुण्डा, रामरतन महतो, डोमन महतो, अशोक महतो, महेंद्र सिंह मानकी, पंचानन स्वांसी, अमूल्य मुण्डा, विशेश्वर महतो समेत ग्रामप्रधान एवं ग्रामीण कृषक सहित संचालन समिति सदस्य मौजूद थे। इधर राहे प्रखंड के राहे लैंपस में विधायक ने विधिवत रूप में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन किए। मौके पर जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, सहकारिता पदाधिकारी, लैंपस मैनेजर आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की

**रांची/बिभा संवाददाता।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपने आवास और प्रतिष्ठानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की. भुरकुंडा में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, गोमिया में कार्यकारी अध्यक्ष मोहन साव, रांची में उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, ओरमांझी में उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, पंडरा में संगठन महासचिव अनिल वैश्य आदि केंद्रीय पदाधिकारियों ने अपने- अपने घरों के ऊपर वैश्यों की स्वाभिमान का प्रतीक झंडा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की. यह अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा और प्रथम चरण में सभी स्तर के पदाधिकारियों को अपने आवास और प्रतिष्ठान में वैश्य मोर्चा का झंडा लगाना है. इस झंडा लगाओ अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि पीले रंग का झंडा वैश्य मोर्चा ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्य समाज की शान है. यह झंडा वैश्यों की शालीनता, एकता और शक्ति की पहचान है. वैश्य समाज के लोग बेवजह किसी को नुकसान पहुंचाने की मंशा नहीं रखते हैं, लेकिन कोई हमें छेड़े और हकमारी करे तो हम चुप भी नहीं रह सकते हैं. वैश्य मोर्चा का झंडा वैश्य समाज का सुरक्षा कवच भी है. श्री साहु ने कहा कि जल्द ही वैश्य मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक होने वाली है, जिसमें आगे की रणनीति और कार्यक्रम घोषित किये जायेंगे।



## अडानी भ्रष्टाचार एवं मणिपुर हिंसा को लेकर आयोजित राजभवन मार्च पर चर्चा

**रांची/बिभा संवाददाता।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहु की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन, रांची में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से 18 दिसम्बर को गौतम अडानी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार एवं मणिपुर में हो रही हिंसा को लेकर आयोजित राजभवन मार्च पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके साथ ही 21 दिसम्बर के आभार समागम, 26 को शताब्दी समारोह एवं 28 को कांग्रेस स्थापना दिवस पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाना है, इसके लिए ओबीसी विभाग के पदाधिकारी बढ़-चढकर अनुशासन पूर्वक अपने-अपने बैनर के साथ शामिल होना सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है, इसको अलग नहीं किया जा सकता है। 26 दिसम्बर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी कांग्रेस का अध्यक्ष बने 100 वर्ष हो रहे हैं इस स्मृति के उपलक्ष्य में शताब्दी समारोह आयोजित है। इनके स्मृति को यादगार बनाना है तथा 28 दिसम्बर को कांग्रेस स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाना है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 के पहला सप्ताह में कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा आभार कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहु ने सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा निर्देशित राजभवन मार्च को ऐतिहासिक बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी दें। साथ ही शताब्दी समारोह एवं कांग्रेस स्थापना दिवस को भी झंडा, बैनर पताखा के साथ जबरदस्त तरीके से मनाऐं। बैठक में मुख्य रूप मदन महतो, मनोज यादव, मो0 आसीफ, राजन वर्मा, आशा देवी, निजाम अंसारी, कैसफ रजा, अजीम अंसारी, रेणु देवी, सुरजीत नागवाला, दीपक साहु, आमिर हमजा शेख, कामेश्वर महतो, गुलाम हुसैन, जयनाथ साहु, परवेज आलम, संतोष महतो, संजीत यादव, अभिषेक साहु, कुलदीपक कुमार, अजय कुमार मंडल, राजीव चौधरी, अजय प्रजापति, आदि शामिल थे।



## आदित्य पांडेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कांके में पदभार लिया

**रांची/बिभा संवाददाता।** आदित्य पांडेय सहायक समाहर्ता, रांची ने 16 दिसंबर को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात श्री पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी लिया। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति का अवलोकन किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारी/कर्मियों से कहा कि सभी कार्यालय ससमय आए और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें।



## जेवीएम श्यामली में नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रांची/बिभा संवाददाता।** जेवीएम श्यामली में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 16 दिसंबर को जेवीएम शामली में जूनियर कक्षा 1 से 5 का नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को अभिभूत किया कार्यक्रम में भारत की विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य की प्रस्तुति से अनेकों रंग देखने को मिले इस कार्यक्रम में मौसमी चंदा एवं नेहा प्रियदर्शनी ने जज की भूमिका निभाई विद्यालय की प्राचार्य समरजीत जाना की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए प्राचार्य महोदय ने कहा अभिभावक अपने बच्चों के सपनों को बोलने वाले कारीगर हैं हमें पढ़ाई के साथ-साथ कल के क्षेत्र में भी बच्चों को अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए एवं गुरु परंपरा को मानते हुए शिक्षकों को मार्गदर्शन के रूप में अपनाना चाहिए।



### औचक निरीक्षण में निकली मंत्री शिल्पी तिर्की अव्यवस्था देख हुई नाराज

# सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में पंचायत के लोगों का होगा दावा : तिर्की

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब सरकारी तालाब की बंदोदस्ती का दायरा पंचायत स्तर तक ही सीमित रहेगा. पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब में अब उसी पंचायत के लोगों को बोली लगाने और उसके बाद मछली पालन का मौका मिलेगा . अब दूसरे जिले के लोग किसी पंचायत में सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में भाग नहीं ले पाएंगे . बहुत जल्द इसको लेकर नियमावली बनाई जाएगी . राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने औचक निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को ये दिशा निर्देश दिया है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार की शाम को अचानक रांची में औचक निरीक्षण के लिए निकली थी . इस दौरान उन्होंने डोरंडा स्थित मत्स्य निदेशालय केंद्र मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक निरीक्षण किया . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इस दौरान कुव्यवस्था को देख कर काफी नाराज हुई . मछली पार्क में फैली गंदगी , पॉलीथिन के इस्तमाल , आगंतुकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 10 दिनों के अंदर इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया है . औचक निरीक्षण के क्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उपस्थिति पंजी की भी जांच की . काम के समय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को अपने कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश भी दिया गया है . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर में सरकारी तालाब का जिलावार आंकड़ा विभागीय अधिकारियों से मांगा है . राज्य में 12 हजार 580 के करीब सरकारी तालाब है . जिसमें करीब 1 हजार सरकारी तालाब रांची में है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब ऐसा नियम बनाए जिसमें पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब को उसी पंचायत के कॉपरेटिव सोसाइटी को दिया जा सके . तालाब की बंदोबस्ती में किसी दूसरे जिले को मौका नहीं मिलना चाहिए . ऐसा करने से स्थानीय स्तर पर लोगों को मछली पालन के साथ जोड़ कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा सकता है . कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए जरूरी 300 लोगों की अनिवार्यता में भी संशोधन करने का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है . मंत्री ने छोटे _ छोटे कॉपरेटिव सोसाइटी बना कर गांव के लोगों को लाभ देने को कहा है . औचक निरीक्षण के क्रम में ये जानकारी मिली की इस साल 25 सौ लाख मछली जीरा छोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया था . इस लक्ष्य के एवज में 16 सौ 46 लाख जीरा का वितरण किया जा सका है . सबसे कम लोहरदगा में 60 लाख जीरा का वितरण हुआ है. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसको बढ़ाने के साथ _ साथ कल तक रिपोर्ट देने को कहा है . मछली पालन में JSLPS से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ने की भी तैयारी है . रांची और हजारीबाग जिला के महिला स्वयं सहायता समूह को सबसे पहले मछली पालन से जोड़ने का निर्देश दिया गया है। कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण केंद्र भी पहुंची . मछली पालन को लेकर प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से मंत्री महोदया ने कई तरह की जानकारी ली . जानकारी के दौरान ये पता चला की प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण ले कर लौटी महिलाओं से गांव की दूसरी महिलाओं को पता चला की मछली पालन से कैसे रोजगार के अवसर मिल सकते है . मत्स्य अनुसंधान केंद्र में राज्य भर से आए किसानों को मछली पालन की जानकारी दी जाती है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भी प्रशिक्षण में शामिल किसानों को मछली पालन को बेहतर रोजगार का साधन बताते हुए , इसके साथ जुड़ने की सलाह दी।



## शिशु पंजी के लिए 19 और 20 दिसंबर को होगा होगा राज्यस्तरीय अनुश्रवण



बिभा संवाददाता

**रांची।** समग्र शिक्षा के आगामी वार्षिक कार्य योजना एवं बजट के निर्माण हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कमर कस ली है। स्कूलों में आउट ऑफ़ स्कूल, ड्राप आउट बच्चो के चिन्हितीकरण और शिशु पंजी के अनुश्रवण कार्यो के लिए आज राज्यस्तरीय टीम का गठन किया गया। इस टीम में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पदाधिकारियों के अलावा 13 स्वयंसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधि भी शामिल है। सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को आज एक दिवसीय बैठक कर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। टीम द्वारा दो चरणों में राज्य के सभी जिलों के विद्यालयों का अनुश्रवण किया जाएगा। दिनांक 19 दिसंबर, 2024 और दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को टीम द्वारा पहले चरण का अनुश्रवण किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न जिलों में दो से चार सदस्य टीम भ्रमण करेगी और शिशु पंजी, आउट ऑफ़ स्कूल, ड्राप आउट की जमीनी हकीकत का पता लगाएगी। शिशु पंजी कार्य में लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों, पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की तैयारी है। टीम के अनुश्रवण में जो विषय सामने आएंगे, उन्हें दिनांक 3 जनवरी, 2025 को राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में रखा जाएगा।

### जिला एवं प्रखंड को दी गयी जिम्मेदारी

सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को शिशु पंजी, ड्राप आउट, आउट ऑफ़ स्कूल के अद्यतन कार्यो को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही UDISE पोर्टल पर जानकारी अपलोड करनी होगी। इससे संबंधित दिशा निर्देश एवं कार्यक्रम कैलेंडर जिलों को दिनांक 19 नवंबर, 2024 को ही भेजा जा चुका है। दिनांक 4 दिसंबर, 2024 से दिनांक 4 जनवरी, 2024 के बीच शिशु पंजी सर्वे का कार्य निर्धारित है। इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी भी बनाया गया है।

जिसके बाद लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में राज्य कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती बिनीता तिर्की ने बताया कि शिशु पंजी सर्वे एक अवसर होता है, इसके दौरान हम आउट ऑफ़ स्कूल और ड्राप आउट बच्चो की सटीक जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही ड्रॉप आउट के कारणों का भी पता लगाया जाता है। ड्रॉप आउट बच्चों और उनके अभिभावकों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु अन्य विभागों से भी सामंजस्य स्थापित किया जाता है। शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत तय प्रावधानों के अनुसार ऐसे बच्चो को जो ड्राप आउट हो गए है या आउट ऑफ़ स्कूल है उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

## झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की वर्चुअल बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की वर्चुअल बैठक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य के सभी एरिया बोर्ड ट्रांसमिशन जोन के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में प्रतिनिधियों ने पिछली सरकार के दौरान हुए आंदोलन एवं संगठन की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही, ऊर्जा निगम के वरीय पदाधिकारी के साथ 3 अक्टूबर को हुए श्रमिक संघ के समझौता वार्ता पर भी चर्चा हुई। इस समझौता वार्ता में निम्न मांगों पर सहमति बनी थी: आउटसोर्स खत्म करने का प्रस्ताव: निर्देशक मंडल में प्रस्ताव ले जाया जाएगा। 60 वर्ष का अनुबंध और 50% आरक्षण: पारा शिक्षक के तर्ज पर निर्देशक मंडल के प्रस्ताव में ले जाया जाएगा। मानदेय बढ़ाने का निर्णय: कमिटी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। 10 वर्ष तक लगातार कार्य करने वाले विद्युत कर्मियों का विवरण: 2014 में हुए सर्वे रिपोर्ट देखने के उपरांत कमेटी निर्णय लेगी। एरियर एवं मानदेय गड़बड़ी की जांच: निगम की ओर से एक दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जो सभी सर्किल से अकाउंट डिटेल्स के साथ पूरे मामले की जांच करेगी। वर्चुअल बैठक में यह चिंता जताई गई कि अभी तक पूर्व में हुए निगम से वार्ता का कोई सकारात्मक परिणाम नहीं दिखाई दे रहा है, जिससे कर्मियों में निगम के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



## हरहाल में राज्य के सभी शहरों में सड़क की स्थिति को सुधारी जाय : मंत्री सुदिव्य कुमार

बिभा संवाददाता

**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हरहाल में राज्य के सभी शहरों में सड़क की स्थिति सुधारी जाये। सभी शहरियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये। साथ शहर और नदियों को स्वच्छ रखने के लिए सिवरेज सिस्टम और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगायें जायें। विभाग के समक्ष यह सबसे बड़े और चुनौती पूर्ण कार्य है। मंत्री ने सोमवार को नेपाल हाउस सचिवालय स्थिति अपने कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के क्रम में यह निर्देश दिया। उन्होंने कहाकि सबसे पहले राजधानी को सुधारना है। इसके लिए रांची को एडवांस बनाने की योजनायें बनायी जायें। समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नगर विकास, रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन , राज्य नगरीय निदेशालय,जुडको, आवास बोर्ड , ग्रेटर रांची डेवलपमेंट प्राधिकार तथा अन्य संबद्ध संस्थानों की योजनाओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार प्रस्तुतिकरण किया। प्रस्तुतिकरण की समीक्षा के क्रम में मंत्री कुमार ने प्रधान सचिव सहित विभाग के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सर्वप्रथम राजधानी रांची को संवारे सुधारें फिर राज्य के अन्य शहरों के विकास पर ध्यान दिया जाये। रांची में ई-बस का प्रावधान हर हाल में किया जाये। जब आम लोगों को हर पांच मिनट बाद बसें मिलने लगेंगी तो अपने आप लोग अपनी वाहन का इस्तेमाल कम करना शुरू कर देंगे। जिससे प्रदूषण नहीं फैलेगा और सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। मंत्री ने आम शहरियों के राहत के लिए सबसे बड़ी बात कही कि हर नगर निकाय में जनशिकायत कोषांग का गठन करते हुये टोल फ्री नंबर जारी किया जाये। शिकायत कर्ता को टोकन उपलब्ध कराया जाये और राइट टू सर्विस नियम के तहत शिकायतो की आवश्यकता को देखते हुये सभी कार्यो के लिए समय सीमा निर्धाति की जाये। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकायों के बोर्ड भंग हैं, इसलिए वार्ड कमिश्नर कार्यरत नहीं हैं।



## ग्रीन राशन कार्ड के राशन वितरण प्रतिशत में सुधार लाने का निर्देश

बिभा संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार 16 दिसंबर को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए निम्न निर्देश दिए गए। झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी एवं नवंबर, दिसम्बर 2024 का राशन वितरण में प्रतिशत में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत खाद्यान उठाव में और अधिक सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया। ई- केवाईसी कार्डधारी का आधार कार्ड से 3 दिनों के अंदर ऑनलाइन सिडिंग कराने का निर्देश सम्बंधित डीलर इंचार्ज को दिया गया। मोबाइल सिडिंग हर कार्डधारी का कराते हुए इसमें और सुधार लाने के निर्देश दिए गए। चना दाल/ नमक/ चीनी/ केरोसिन तेल वितरण कि समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वितरण कराने का निर्देश दिया गया। सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना कि समीक्षा करते हुए इसका वितरण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया। PGMS पोर्टल में आई शिकायतों का समाधान कराने का निर्देश दिया गया। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से पालन करने का निर्देश दिया।



### बालू आपूर्ति को सामान्य बनाये जाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप का आग्रह

**रांची।** प्रदेश में बालू आपूर्ति को सामान्य बनाये जाने के मुद्दे पर फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर, हस्तक्षेप का आग्रह किया गया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और रियल एस्टेट उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखण्ड में बालू की पर्याप्त अनुपलब्धता और दरों में बेतहाशा वृद्धि से एक तरफ जहां संवेदक व डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक बंधुओं की भी आजीविका प्रभावित हो रही है। पडोसी राज्य बिहार पर बालू की निर्भरता के कारण लोग बेतहाशा दरों पर बालू खरीदकर निर्माण कार्य कराने के लिए विवश हैं, जिस क्रम में इसकी कालाबाजारी भी चरम पर है जिसकी अतिशीघ्र समीक्षा आवश्यक है।

# मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है : राज्यपाल

बिभा संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने राँची स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्ष उत्सव में सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई व शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने इनके समर्पण और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपनी सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, राँची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं, जैसे वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूर्वानुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है। राज्य में समय पर मौसम की चेतावनियाँ दी गईं, जिससे स्थानीय समुदायों और आपदा प्रबंधन दलों को प्रभावी सहायता मिल सकी।

राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी बताया कि झारखंड को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दर्शाता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है, जिसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रयासों के माध्यम से समय पर मौसम जानकारी प्राप्त कर समाज को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाया जा सकता है।

राज्यपाल ने मौसम विज्ञान केंद्र, राँची के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों के निरंतर समर्पण और प्रयासों की सराहना की, जो निरंतर मौसम पूर्वानुमान प्रसारण में लगे रहते हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि समय पर जानकारी और चेतावनियाँ संबंधित हितधारकों तक पहुँचें, ताकि आपदाओं का प्रभाव कम किया जा सके। राज्यपाल महोदय ने इस क्षेत्र में सभी हितधारकों से सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की, ताकि आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके और समाज को बेहतर ढंग से आपदा प्रबंधन के लिए तैयार किया जा सके।





राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कर्नल एआर सिन्हा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की।



राज्यपाल से डॉ. दिव्या सिंह (शिशु रोग विशेषज्ञ), रिम्स, राँची ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को अपनी स्वरचित पुस्तक भेंट की।



राज्यपाल से रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर निदेशक ने राज्यपाल से रिम्स को डीम्ड यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने के विषय पर चर्चा की।




राज्यपाल से एआईटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि एवं अन्य प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा इन ट्रेड यूनियनों को पुन: मान्यता प्रदान करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन में डीपीएस बोकारो के आरूष रंजन को झारखंड में पहला स्थान

## बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा निखारने को ले विद्यालय कटिबद्ध : प्राचार्य डॉ. गंगवार

बिभा संवाददाता





**बोकारो :** विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में डीपीएस बोकारो के 10वीं के छात्र आरूष रंजन ने पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है। आरुष ने कक्षा 10 के समूह में राज्य में पहली रैंक पाते हुए आगामी मई, 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। विदित हो कि बीते 23 अक्टूबर और 27 अक्टूबर को ऑनलाइन मोड में वीवीएम 2024-25 की परीक्षा हुई थी, जिसमें डीपीएस बोकारो के नौ विद्यार्थी राज्य स्तर पर चयनित किए गए थे। इसके बाद 15 दिसंबर को सीएसआईआर, सीआईएमएफआर, धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय शिविर में प्रैक्टिकल और लिखित परीक्षा के बाद पूरे झारखंड से आरूष रंजन ने 10वीं कक्षा के ग्रुप में रैंक 1 लाकर मेधावितापूर्ण अपनी कामयाबी का परचम लहराया।

धनबाद में आयोजित उक्त परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों से कक्षा 6 से 11वीं के कुल 131 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें से 12 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता के सबसे अंतिम चरण राष्ट्र स्तरीय शिविर के लिए चयनित किए गए। इनमें आरूष रंजन पहले स्थान पर रहा। इसके लिए उसे 5000 रुपए की पारितोषिक राशि, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा तथा सीएसआईआर-एसआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविन्द कुमार मिश्रा ने आरूष को पुरस्कृत किया।

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने आरूष की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा के विकास को लेकर कटिबद्ध है। गौरतलब है कि आरूष रंजन ने हाल ही में रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) के लिए भी क्वालीफाई किया है।

### देश की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता है वीवीएम

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और एनसीईआरटी की ओर से आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन विज्ञान की सबसे बड़ी प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए योगदान से अवगत कराना है। यह परीक्षा तीन स्तरों पर आयोजित की जाती है। प्रथम स्तर पर इसका आयोजन स्कूल एवं कॉलेज में ऑनलाइन माध्यम से होता है। उसमें विजयी प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय चरण की प्रतियोगिता होती है। इसमें कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिभागियों को रसायन विज्ञान, भौतिकी-शास्त्र, जीव विज्ञान एवं गणित विषय की प्रायोगिक तथा लिखित परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है।

# पूर्व विधायक बबीता देवी ने लीला जानकी पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथपुरम में डॉ राधाकृष्णन सहोदय स्कूल परिसर बोकारो के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2024 में माननीय मंत्री झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह गोमिया विधानसभा की पूर्व विधायक बबीता देवी ने सोमवार प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित थी। उन्होंने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पूर्व मुख्य अतिथि बबीता देवी ने स्कूल के संस्थापक स्व रघुनाथ प्रसाद बक्सी एवं स्व भोला प्रसाद बक्सी के तस्वीर पर पुष्पार्चन कर नमन किया। मुख्य अतिथि ने विभिन्न खेलों को देखा और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर भी जोर देना चाहिए।उन्होंने लीला जानकी पब्लिक स्कूल प्रबंधन को इस वार्षिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और इसे क्षेत्र में शिक्षा को नई ऊंचाई देने वाला कदम बताया। पूर्व विधायक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, बल्कि उनकी प्रतिभा को भी पहचान मिलती है।कार्यक्रम में बोकारो जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी जो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अपने वाले विद्यार्थियों मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बोकारो जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। और उन्होंने कहा कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद व्यस्तता के कारण स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने स्कूल परिवार को अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं।कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन और विद्यार्थियों की ओर से पूर्व विधायक बबीता देवी का पुष्प का गलदस्ता देकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया । स्कूल प्रबंधन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करते रहेंगे।यह वार्षिक आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके संपूर्ण विकास के लिए प्रेरणा का स्त्रोत साबित हुआ। इस मौके पर लीला जानकी संस्थान के अध्यक्ष नीलम बक्सी, विद्यालय के निर्देश नीरज कुमार सिन्हा, विद्यालय के प्राचार्य अमर प्रसाद, कृष्ण कुमार प्रसाद, अभिषेक खन्ना, सुनील दास गुरु,अनीता प्रसाद, नीरा सहगल, संध्या सिन्हा,अर्चना कुमारी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के लिए बैठक आयोजित

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 के कार्यालय में टीसीआई कार्यक्रम के अद्यतन एवं पुरुष नसबंदी पखवाड़ा हेतु डीआरसीएचओ -बोकारो डॉ सेलिना टुडू के अध्यक्षता में आज दिनांक 16 दिसंबर 2024 में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सैफुल्लाह अंसारी, शब्बीर अनवर, पीएसआई इंडिया के मैनेजर प्रोगाम इंप्लीमेंटेशन मोहम्मद मंजूर रहमान खान, शर्मिष्ठा सरकार ,शहरी क्षेत्र के सभी पब्लिक हेल्थ मैनेजर, बी टी टी एवं सहीया साथी उपस्थित रहे। आज की बैठक में शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन संबंधित प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रगति की समीक्षा किया गया और पुरुष नसबंदी पखवाड़ा हेतु सभी उपस्थित कर्मियों को पखवाड़ा के सफल संचालन के लिए योजना बनाई गई जिसे दो चरण में क्रियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया जो इस प्रकार है पहले चरण में शहरी क्षेत्र के सभी योग्य दंपति का सर्वेक्षण करना एवं इच्छुक लाभार्थियों को लिस्ट बनाना और दूसरा चरण में इच्छुक लाभार्थियों को उनके द्वारा चयन किए गए परिवार नियोजन के सेवाओं को प्रदान करना रहा।

### आज ही शुरूआत करें पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें

परिवार नियोजन के प्रति पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने हेतु आगामी पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में विशेष कर परिवार नियोजन के पुरुष नसबंदी जैसी आसान सेवा के प्रति समुदाय में फैली भ्रांतियां को दूर करने के लिए प्रचार प्रसार का योजना बनाया गया। सभी को जनसंख्या के मुताबिक अपेक्षित उपलब्धि स्तर बताया गया। साथ ही झुग्गी बस्ती में रहने वाले आबादियों को फैसिलिटी के साथ मेपिंग करने एवं योग्य दंपति के लिस्ट को अपडेट करने पर चर्चा की गई।

# वीर अमर शहीदों को पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने श्रद्धांजलि अर्पित की

बिभा संवाददाता



बोकारो : 1971 युद्ध के स्वर्णिम विजय दिवस के अवसर पर, पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बोकारो ईकाई द्वारा, सीटी पार्क- बोकारो के शहीद उद्यान मे अपने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ उस युद्ध में शामिल जांवाज सैनिकों को सम्मानित करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम कुंदन कुमार जी-बोकारो इस्पात नगर प्रबंधन, के साथ ही जीएम ए के सिंह जी नगर प्रबंधन, विवेक जी बेहतर झारखंड के संयोजक, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा जी, महानगर कारवाह रतन जी, सहित अन्य संगठनों के सदस्यों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में परिषद के अतिरिक्त, नगर के गणमान्य नागरिकों की जिनमें विश्व हिदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, संकल्प सृजन, एवं अन्य संगठनों सहित भाजपा नेता नीरज कुमार सहित नगर के विभिन्न संगठनों के सदस्यों की भी उपस्थिति रही।

1971 के युद्ध में शामिल बिहारी सिंह जी (1963), एस के सिंह जी (1965), एवं बृन्दा सिंह (1964) को संगठन की तरफ से सम्मानित किया गया। इन युद्ध वीरों ने भी अपने संबोधन में युद्ध काल के संस्मरण सुनाते हुए, पुरानी बातों को याद किया। अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कुंदन ने उस युद्ध में शामिल सभी सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह ने किया। मौके पे कुंदन कुमार, सीजीएम टी ऐ, ए के सिंह जीएम, एसके सिंह ,दिनेश्वर सिंह ,राकेश मिश्रा, सुरेश बाबू ,शत्रुघ्न सिंह, संजीव कुमार राजहंस, नीरज तिवारी, विनय कुमार परमहंस, राजकुमार ,मनोज कुमार ,विवेक सिंह, रतन कुमार महतो, सुधीर कुमार, जैनेंद्र कुमार एवं सीमा सिंह मौजूद रहे ।

# मृत कर्मचारी आश्रित संघ का टू-टैंक गार्डन तालाब में जलसत्याग्रह 18 दिसंबर को

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो मृत कर्मचारी आश्रित संघ ने अपने हक अधिकार की मांग को लेकर सोमवार को सेक्टर 3 स्थित टू-टैंक गार्डेन में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. संघ अध्यक्ष सनी कुमार ने कहा कि हम लोग विगत कई वर्षों से अपने मृत पिता, जो सेल बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत थे, जिनकी सेवाकाल अवधी रहते ही मृत्यु हो गई थी. इसको लेकर बोकारो इस्पात संयंत के तत्कालिन प्रबंध निदेशक एवं एनजेसीएस यूनियनों के बीच समझौता हुआ था, कि डीए, बेसिक के बदले उनके परिवार के एक सदस्य को प्रशिक्षण देकर बिना उम्र सीमा के प्रशिक्षित किया जाएगा. ट्रेड अपरेटिस प्रशिक्षण आश्रितों को आवास आवंटन करने तथा पूरे परिवार के लिए बीजीएच में मेडिकल लाभ की सुविधा उपलब्ध कराने की बात तय हुई थी. इसके साथ ही सारे आश्रितों को नियोजित करने की भी बात हुई थी. परन्तु बोकारो इस्पात प्रबंधन अपने बनाए हुए नियम को तोड़ते हुए प्रशिक्षित आश्रितों को लंबे समय तक रोक कर रखा. बाद में उम्र सीमा 28 वर्ष कर दी गई, जिस कारण कुछ आश्रितों की उम्र पार हो चुकी है. कहा कि सेल प्रबंधन आश्रित के परिवारों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है. अपने मृत कर्मचारियों के आश्रितों के साथ धोखाधड़ी करते हुए, उनको हक अधिकार देने से बच रही है. सभी आश्रितों पर जुल्म ढहाते हुए सेल इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन द्वारा अपने मृत कर्मचारी के आश्रितों के आवास की बिजली काटने का काम किया जाता है. हम आश्रितों को गैर-कानूनी करार देकर अन्याय किया जा रहा है, जिससे हम आश्रित परिवार में सेल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है. साथ ही अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है.

कहा कि हम आश्रितों ने निर्णय लिया है कि 18 दिसंबर बुधवार को सुबह 10:30 बजे टू-टैंक गार्डन के तालाब में जल सत्याग्रह करेंगे. हम आश्रितों को न्याय मिलने तक हम सभी आश्रित परिवारों के साथ तालाब में ही रहेंगे. इस दौरान किसी तरह अप्रिय घटना होती है, तो सारी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन बोकारो की होगी.

# स्टील चैंपियंस ट्रॉफी जीत एसएमएस न्यू विभाग बना विजेता

बिभा संवाददाता



बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स की तरफ से सेक्टर 4 क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित स्टील चैंपियंस ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट टूनामेंट का आज भव्य समापन हुआ। बीआईडीयू के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि इस टूनामेंट में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों से कुल 24 विभागीय टीमें भाग ले रही थीं। हर दिन 4 मैच का आयोजन किया गया। इस पूरे टूनामेंट में कुल 36 लीग चरण के मैच, सुपर-12 में 12 मैच, सेमीफाइनल में 2 मैच और आखिरी में फाइनल के एक मैच खेला गया इस तरह से कुल 51मैच खेले गए। आज हॉट स्ट्रिप मिल और इस एम एस न्यू के बीच टूनामेंट का फाइनल मैच खेला गया। एस एम एस न्यू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। हॉट स्ट्रिप मिल की टीम के तरफ से से बल्लेबाजी करते हुए ओपनर बैट्समैन बजरंग ने 23 गेंदों का सामना करते हुए सर्वाधिक 31 रन बनाए उसके बाद नीलेश ने धुँआधार बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 26 रन बनाए। इस प्रकार से एच एस एम की टीम ने कुल 108 रन बनाए और एस एम एस न्यू की टीम के सामने 109 रनों के लक्ष्य रखा। इसके जवाब में एस एम एस न्यू टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए नितेश तिवारी ने 17 गेंदों में 20 रन बनाए उसके बाद राकेश नायक ने 6 गेंदों में शानदार 17 रन की पारी खेली। एच एस एम के तरफ से गेंदबाजी करते हुए अजीत ने सर्वाधिक 5 विकेट लेकर 28 रन दिए। बहुत ही रोमांचक स्थिति में मैच आखरी ओवर में ड्रा हुआ। उसके बाद टीमो को एक एक ओवर का सुपर ओवर दिया गया। इसमें एस एम एस न्यू ने मैच को जीत लिया। फाइनल मैच की समाप्ति के बाद क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक प्रभारी राजन प्रसाद(मानव संसाधन), सी मोहापात्रा (अधिशासी निदेशक, संकार्य), विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर बी बी करुणामय ( मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बी जी एच), कुंदन कुमार (मुख्य महाप्रबंधक,नगर सेवा भवन), विनय कुमार सिंह(मुख्य महाप्रबंधक, हॉट स्ट्रिप मिल) वी एम बक्शी ( महाप्रबंधक, मानव संसाधन) उपस्थित रहे एवम विजेता और उपविजेता टीमों को पुरुस्कार देकर सभी का मनोबल बढ़ाया। सभी अतिथियों ने 15 दिन चले इस टूनामेंट का सफल आयोजन करने के लिए डिप्लोमा इंजिनीर्स की टीम के कार्यों की भी सराहना की। कमिटी में नितेश कुमार, निखिल कुमार, प्रेमनाथ, चंदन सिंह, नरेंद्र, चंदन द्विवेदी, विश्वजीत मोहंती, चंदन कुमार, लक्ष्मण, रत्नेश मिश्रा,चंद्रभान झा, रविशंकर, आदि डिप्लोमा इंजिनीर्स सम्मिलित रहे।

## किशोरी दुष्कर्म-हत्या मामला: आदिवासी समाज का विरोध, जेएलकेएम का आंदोलन की चेतावनी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** पेटरवार थाना क्षेत्र महलीजारा गाँव में 8 साल की किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या के सात महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का उद्भेदन नहीं कर सकी है। किशोरी के साथ कुकृत्य घटना को लेकर प्रशासन के द्वारा हत्यारों पर उदासीन रवैया को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। नृशंग घटना पर प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर आज दिन सोमवार को जेएलकेएम के नेता पूजा कुमारी एवं जिला परिषद सदस्य माला कुमारी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण पेटरवार थाना पहुंचे। थाना प्रभारी राजू मुंडा के साथ मिलकर जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तारी करने को लेकर वार्ता किया। इस दौरान पूजा कुमारी ने बताया कि 7 महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन अपराधी को नहीं पकड़ पाई। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया की 14 लोगों का डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। जिसका रिपोर्ट अभी तक नहीं आया है। रिपोर्ट आने के बाद जल्द हि अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़िता को जब तक न्याय नहीं मिलता तब तक उसके अधिकार के लिए आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन को डेढ़ महीने का समय दिया गया है अगर इस दौरान अपराधी को नहीं पकड़ा जाता तो जेएलकेएम आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 18 को: मनोज स्वर्गीयरी



**बोकारो(बिभा) :** पिछले साल की तरह इस साल भी बोकारो पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम तहत सभी प्रकार की समस्या का समाधान किया जाएगा । पिछले वर्ष 195 शिकायतें आई जिसमें 185 शिकायतों का समाधान किया गया । वहीं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयरी ने कहा कि ये कार्यक्रम पूरे झारखंड राज्य में चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में आईजी डीआईजी सहित पुलिस के अधिकारी सहित सीओ बीडीओ भी उपस्थित रहेंगे ,पुलिस का मामला हो या सिविल का मामला हो सभी तरह के समस्या का समाधान जन शिकायत कार्यक्रम के तहत निष्पादन किया जाएगा ये कार्यक्रम 18 दिसंबर 2024 को 11 बजे कला केंद्र सेक्टर 2 में आयोजित की जाएगी इस लिए बोकारो की जनता से अपील करते है कि ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्या रखें ताकि समस्या सुलझाने में जो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उसे जल्द से जल्द निष्पादन किया जा सके।

### डीपीएस चास के विजय कुमार महतो को विद्यार्थी विज्ञान मंथन में राज्य-स्तर पर तीसरा रैंक



**बोकारो(बिभा) :** असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस चास, बोकारो के छात्र बिजय कुमार महतो ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) 2024-25 में राज्यस्तर पर तीसरा रैंक हासिल की और मई 2025 में में आयोजित होने वाले नेशनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इसके लिए उसे 2000 नकद पुरस्कार के साथ-साथ योग्यता प्रमाण पत्र, पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन, एनसीईआरटी और विज्ञान प्रसार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों की पहचान करना और फिर उन्हें उच्च स्तर की विज्ञान शिक्षा के लिए तैयार करना है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा के परिणाम 15 दिसंबर 2024 को घोषित किए गए थे। इसके विषय पर विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और सफल छात्र विजय कुमार महतो को को बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह कार्यक्रम विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभा की पहचान करने और छात्रों के बीच वैज्ञानिक कौशल को बढ़ावा देने में मदद करता है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी ने खुशी व्यक्त की और विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों में वैज्ञानिक आदतें पैदा होती हैं जो अंततः उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है।

### बोकारो भाजपा जिला कार्यालय में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024-2030 की कार्यशाला आयोजित



**बोकारो(बिभा) :** बोकारो भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर 1सी में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024-2030 का जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला की बैठक की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सभी कार्यकर्ताओ को संबोधित की और भाजपा के सदस्य बनने 8800002024 पर मिस्ड कर सदस्य ग्रहण करने की आग्रह की। इस अवसर पर बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह, विनय सिंह, सदयस्ता अभियान के संयोजक संजय सिन्हा सहसंयोजक मुकेश राय,गौर रजवार, अर्चना सिंह अर्जुन सिंह, संजय त्यागी ,धीरज झा ,टिंकू तापड़िया,अभिषेक कुमार ध्रुव, विनय किशोर,मनोज सिंह,विक्रम पांडेय, विक्की राय, अमर स्वर्णकार, हरिपद गोप, ब्रज दुबे, राघव मिश्रा, धर्मेंद्र महता, दिलीप श्रीवास्तव, महेंद्र राय अनिल सिंह, विशाल गौतम,गोलू,सुनीता दास, बबिता, सहित बोकारो जिला में निवास करने वाले प्रदेश स्तर के नेतागण, जिला के पदाधिकारीगण, प्रदेश स्तरीय मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण,बोकारो जिला अन्तर्गत भाजपा के सभी मंडल एवं सभी मोर्चा के सम्मानित अध्यक्ष एवं महामंत्री एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार ने किया।

### वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 2.23 लाख जुर्माना




**बोकारो(बिभा) :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत टॉल प्लाजा के पास परिवहन विभाग द्वारा आज दिनांक 16 दिसंबर, 2024 दिन सोमवार की देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 06 वाहनों से 02.23 लाख का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) श्रीमती वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 6 वाहन से 2.23 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 40 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 6 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने नगर पंचायत क्षेत्र समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 14.1 एकड़ भूमि पर लगे अफीम फसल को किया विनष्ट



**खूँटी(बिभा)।** जिले में अफीम फसल विनष्टीकरण को पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने विभिन्न थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि क्षेत्र में अफीम फसल विनष्टीकरण के लिए तत्पर रहें। वहीं उन्होंने कहा है कि इस अनैतिक और गैरकानूनी कार्य में संलिप्त हों उनपर कार्रवाई करें। साथ ही, पुलिस बल के साथ मिलकर क्षेत्र में लगाए गये अफीम फसल को विनष्ट करें। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र में भी अफीम फसल लगाने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं कामंता में भी अफीम फसल लगाया गया है। जहाँ सोमवार को खूँटी थाना के ग्राम कामान्ता में 1 एकड़ पर लगे अफीम फसल को नष्ट किया गया। जबकि मुरहू थाना के सांडीगांव में करीब 5 एकड़, अड़की थाना के रायकुटी रुमुचु में 2.1 एवं बारीडीह में 2.5 एकड़, सयको थाना के सपारोम एवं भुरसु में 2 एकड़, मारंगहादा के दिरीगाढ़ा 1.5 एकड़ में अवैध अफीम के फसल को विनष्ट किया। इस प्रकार सोमवार को 14.1 एकड़ भूमि पर लगे अफीम फसल को विनष्ट किया गया।

### रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 में खूंटी जिले का परचम




**खूँटी(बिभा)** । 16 दिसंबर को रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 में खूंटी जिले के प्रतिभाशाली युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में खूंटी के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार जीते। जिसमें कहानी लेखन प्रतियोगिता में दीप्ति मुंडू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि एकल नृत्य प्रतियोगिता में मनीष आलोक दोदरई को द्वितीय स्थान मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में पायल रानी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में संत जोसेफ कॉलेज, तोरपा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खूंटी जिले के इन युवाओं की उपलब्धि सराहनीय है। जिला प्रशासन द्वारा इन प्रतिभाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है, साथ हीं इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की जा रही है। यह सफलता जिले में कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति बढ़ते जागरूकता और समर्पण का प्रतीक है।

### वाहन खड़ा करना सड़क जाम की स्थिति को करता है प्रभावित



**खूँटी(बिभा)** । नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य सड़क पर वाहनों का खड़ा करना सड़क जाम की स्थिति को लगातार पैदा कर रहा है जिसके कारण अन्य गंतव्य वाहनों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वहीं सड़कों पर वाहन खड़ा कर स्टार्ट करके यात्री चढ़ाने उतारने से पीछे वाहनों की कतार लग जाती है। जिसके कारण ट्रेफिक व्यवस्था चरमरा गयी है। लोगों ने बताया कि कई लोग चारपहिया वाहन सड़क पर ही किनारे में खड़ा करके खरीदारी करने चले जाते हैं। फिर उसे हटानेवाला कोई नहीं रहने से परेशानी बढ़ जाती है। वहीं कुछ लोग मिडिल प्वाइंट से दाहिनी ओर से निकलने के कारण सामने से आनेवाले वाहन को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विधि व्यवस्था चरमराने के कारण सड़क पर आवागमन करनेवाले और आवश्यक कार्य में जानेवाले एम्बुलेंस जैसे वाहनों को भी कभी कभी समस्या हो जाती है।

### अफीम के विरुद्ध पुलिस चला रही विनष्टीकरण अभियान



**खूँटी(बिभा)** । जिले विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुबह होते ही पुलिस बल अफीम की खेती पर डंडा पीटते और कुदाल चलाते नजर आ जाते हैं। जो कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस अफीम की खेती को विनाश करने में लगी हुई है। खूँटी में इस बार भी हजारों एकड़ पर अफीम की खेती लगाई गई है। वहीं पिछले वर्ष की बात करें तो पुलिस 1800 एकड़ भूमि पर लगे अफीम फसल विनष्टीकरण किया गया था और 10 किलो से अधिक अफीम और कई गाड़ियाँ डोडा जप्त की थी। वहीं इस बार अफीम की खेती जोरों पर है। जिसे विनाश करने के लिए पुलिस प्रशासन की विभिन्न थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगाए गए अफीम फसल को विनष्ट करना शुरू कर दिया है। जिसमें खूंटी मारंगहादा , सयको , अड़की, मुरहू थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और जंगली क्षेत्र में लगाए गए अफीम की फसल विनष्ट किया जा रहे हैं। एसपी अमन कुमार ने बताया कि खूंटी पुलिस लगातार अफीम की फसल पर कार्रवाई कर रही है। फसल की विनष्टीकरण अभियान चलाए जा रहे हैं और कार्रवाई भी की जा रही है। एसपी ने बताया कि उपायुक्त महोदय अफीम खेती विनष्ट करने के लिए ट्रैक्टर उपलब्ध कराएंगे। लेकिन तब तक हाथों में डंडे से पीटकर और कुदाल से खोदकर ही फसल बर्बाद करने में पुलिस बल लगे हैं।

राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स के प्रशासनिक बिल्डिंग सभागार में, जिला प्रशासन एवं विभागाध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक

# रिम्स में आने-वालें मरीजों का समुचित ईलाज करें : उपायुक्त



बिभा संवाददाता

**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री कि अध्यक्षता में राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रशासनिक बिल्डिंग सभागार में, जिला प्रशासन एवं विभागाध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक करते हुए विभिन्न विषयों पर समीक्षा कि गई ।

इस महत्वपूर्ण बैठक में, सुपरिटेंडेंट रिम्स, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

जानकारी हो कि उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा मरीजों को बेहतर ईलाज मिलें उसको लेकर रिम्स में आने-वालें मरीजों के समुचित ईलाज, उन्हें ईलाज कराने में कोई समस्या ना हो और अन्य कई मामलों पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिया गया।

उपायुक्त रांची, ने विशेष रूप से कहा कि ट्रामा सेंटर/इमरजेंसी वार्ड कि साफ-सफाई और अन्य व्यवस्था अच्छे से हो, सफाई कुछ घंटो के अंतराल में होते रहें। साथ में यहाँ बेड उपलब्धता के लिए यहाँ लाइव डिस्प्ले का बोर्ड लगा रहें ताकि बेड़ कि स्थिति मरीजों के परिजन देख सकें। साथ यहाँ मेडिसिन और सर्जिकल आइटम हमेशा उपलब्ध रहें यह सुनिश्चित रहें।

रिम्स में ओपीडी में डॉक्टर/नर्स/कर्मी रोस्टर के अनुसार उपस्थिति जाँच मजिस्ट्रेट के द्वारा कराने का प्रस्ताव रखा गया। ताकि सबकी ड्यूटी निर्धारित और निर्देशित तरीके से हो रही है, कि नही इसका पता लगाया जा सकें। इससे ईलाज कराने आए मरीजों को सीधा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि ओपीडी में डॉक्टर समय पर आए। मरीजों को परामर्श समय पर मिल सकें उन्हें इंतजार नही करना पड़े।

उपायुक्त रांची, द्वारा रिम्स के पदाधिकारी से कहा कि जो मरीज इमरजेंसी में मृत पाए जाते है, उनके लिए एक एसओपी तैयार रखें। ताकि ऐसे मामलों में मृत मरीज/ व्यक्ति के परिजनों को कोई परेशानी का सामना नही करना पड़े।

उन्होंने अस्पताल मैनेजर कि प्रतिनियुक्ति कराने को लेकर भी रिम्स के अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

उपायुक्त रांची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा कुछ दिन पहले रिम्स में इमरजेंसी/ट्रॉमा सेंटर/ ब्लड बैंक का औचक निरीक्षण क्रम में जो कमियां पाई गई थी उस पर बैठक में सम्बंधित अधिकारी से चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था।

उनके द्वारा रिम्स के इमरजेंसी/ ट्रामा सेंटर के पहुंच को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

## आजसू पार्टी की केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने लोहरदगा के पदाधिकारियों के साथ कि बैठक

**लोहरदगा।** विधानसभा चुनाव 2024 संपन्न चुनाव के बाद आज आजसू पार्टी की केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के रांची आवास में लोहरदगा के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई समीक्षा बैठक मे संगठन को और मजबूत करने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई आने वाले समय में संगठन को और धार धार बनाने को लेकर पदाधिकारीयो में काफी उत्साह नजर आया जिन लोगों ने चुनाव के दरमियान संगठन विरोधी कार्य किया वैसे कार्यकताओं पदाधिकारियों के ऊपर संघनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो गंभीर

**लोहरदगा:** सदर थाना क्षेत्र के कुजरा रोड में कैमो के समीप सोमवार देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से बेहतर इलाज के लिए एक को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी अनुसार थानाटोली निवासी जलील अंसारी के पुत्र नसरुल्ला अंसारी और पलामू के केलाडीह निवासी एनुअल होदा अंसारी के पुत्र साबू अंसारी कुजरा की ओर से लोहरदगा लौट रहे थे इसी क्रम में कैमो के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से चौकीदार शमशुल अंसारी ने एक को सदर अस्पताल और दूसरे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# शिक्षा जीवन का महत्वपूर्ण तथ्य जागरूकता रथ हुआ रवाना



बिभा संवाददाता

**लोहरदगा।** जीवन मे शिक्षा का होना निहायत जरूरी है और शिक्षा अध्ययन के लिए कोई उम्र सिमा नही जिसे देखते हुए जिला साक्षरता समिति अध्यक्ष सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार उल्लास एप्प के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवक युवती और महिला पुरुष को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। उक्त जानकारी जागरूकता रथ रवाना के दौरान लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में दिया गया। साथ ही बताया गया कि कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु उपायुक्त सह जिला साक्षरता समिति डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेर्शानुसार 15 वर्ष से ऊपर के युवक युवती और महिला पुरूषों का शैक्षणिक कार्य किसी कारण वश अवरुद्ध हो गया हो या विद्यालय छोड़ चुके हैं। वैसे शिक्षित लोगों को जिला साक्षरता समिति की ओर से निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य आरम्भ किया जाएगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में लोग शिक्षित हो जीवन को समृद्ध व खुशहाल बना सकेंगे। जिन लोगों का सर्वेक्षनगणों द्वारा सर्वे कर नामांकित किया जाएगा उन लोगो को नजदीक के पंचायत भवन या विद्यालय में किसी भी समय स्वयमसेवी शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा। साथ ही नव साक्षरों के लिए निःशुल्क कॉपी, कलम,पेंसिल और किताब उपलब्ध कराया जाएगा। तथा पढ़ाई पूर्ण होने के उपरांत एनआईएस के माध्यम से परीक्षाएं भी ली जायेगी जिसके लिये प्रचार वाहन के माध्यम से ध्वनि यंत्र द्वारा प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है।

## सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 से



बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान का आयोजन 19 से 24 दिसंबर तक सभी प्रखंड में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को बढ़ावा देना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाना है। साथ ही 23 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों ने अपने अपने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को इस अभियान के उद्देश्यों, लाभों और सहभागिता की जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहत प्रमुख पंचायतों और गाँवों में बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ उठाने के तरीकों के बारे में बताया गया।

मौके पर खूँटी प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने कहा कि ₹सुशासन सप्ताह₹ का मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच एक सेतु का निर्माण करना है, जिससे जनसेवाओं की सुगमता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें। इस दौरान बताया गया कि अभियान के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। यह अभियान सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने और पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर आवेदनों का निष्पादन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय के कर्मी सहिया व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि आज 17 दिसंबर 2024 को आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय, ब्लॉक मोड, लोहरदगा में सुबह 11:00 बजे से मनाई जाएगी। इसमें आजसू पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जिले के तमाम सामाजिक संगठन तथा आम नागरिक एवं झारखंड आंदोलनकारी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। झारखंड आंदोलन को एक नई धार देने वाले और झारखंड विधानसभा में झारखंड की हितों की बात पूरे सजगता से रखने वाले स्वर्गीय कमल किशोर भगत का देहांत 17 दिसंबर 2021 को हो गया था । आज भी कमल किशोर भगत झारखंड के आंदोलनकारीयों के दिलों में बसते हैं। ऐसे झारखंड के सच्चे सपूत का हमारे बीच से जाना अत्यंत दुखद है। अतः सभी कार्यकताओं एवं सम्मानित तथा सभी सामाजिक संगठन एवं आम नागरिकों से आग्रह होगा कि इस श्रद्धांजलि सभा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर एक आंदोलनकारी को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

# रेडक्रॉस सोसायटी खूंटी का अन्तिम शिविर में 05 लोगों ने किया रक्तदान

बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी के द्वारा सोमवार को छडवाँ और अंतिम रक्तदान शिविर प्रखंड मुख्यालय खूंटी में लगाया गया। जिले के रक्त संग्रहण केंद्र में रक्त की कमी होने के कारण प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी की अगुवाई में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिले में 80 से अधिक सिकल सेल व थैलेसेमिया के मरीज हैं। जिन्हें बिना शर्त निशुल्क रक्त मुहैया कराया जाता है। जिसके कारण इस शिविर में 05 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें पुरुषों के अलावे युवतियाँ भी रक्तदान की। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर, रक्तदाता मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने अबतक कई बार रक्तदान कर चुके हैं । यहाँ



तक कि प्लेटलेट्स भी प्रदान किये हैं। वहीं खूँटी के अति जरुरतमंद लोगों को राँची जाना न पड़े और आसानी से रक्त मिल सके इसलिए इस शिविर में आकर रक्तदान किये। मौके पर रितु मिश्रा ने कही कि रक्त दान करना चाहिए इससे लोगों का तो भला हो ही जाता है साथ साथ अपना भी स्वास्थ्य के लिए लाभ होता है। ये पाँचवीं बार रक्त दान की। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आलोक बिहारी ने बताया कि खूँटी में सिकल सेल और थैलेसीमिया के 80 से अधिक मरीज हैं जिन्हें रक्त की आवश्यकता होती है और यही रक्तदान शिविर के द्वारा मिले खून उनके लिए कारगर सिद्ध होता है। खूँटी ब्लॉक के इंद्रनाथ महली ने चौथी बार रक्तदान करते हुए कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के अगुवाई में लगाए गए रक्तदान शिविर में हम लोगों ने रक्तदान किया मैं चौथी बार रक्तदान किया हूँ। लोक कल्याण के लिए रक्तदान करना बहुत ही आवश्यक है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी, डॉ आनन्द किशोर उराँव, डॉ आलोक बिहारी, रेडक्रॉस सोसायटी खूँटी के अध्यक्ष किशोर गंझू, मनोज कुमार, विनोद जायसवाल, बालमुकुंद कश्यप, महावीर कुमार आदि अनेक लोगों ने सहयोग किया।

## मुरहू में हो रही विकास योजनाओं का कार्य के बारे नहीं दी जाती है जिले से प्रखंड को जानकारी : अरुण साबू

बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** मुरहू प्रखण्ड के गोड़ाटोली से रुगड़ी तक 19 किलोमीटर सड़क बन रहा है। लेकिन सड़क निर्माण की जानकारी प्रखण्ड के अधिकारियों को नहीं है । प्रखण्ड उपप्रमुख अरुण साबू ने बताया कि जिला से आया विकास योजनाओं की जानकारी प्रखण्ड के पदाधिकारियों को पता नहीं दिया जाता है। जिसकी जानकारी न तो प्रखण्ड विकास पदा को है और न ही प्रमुख व उपप्रमुख को ही जानकारी दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुरहू प्रखंड में होनेवाली किसी भी विकास योजना का न तो जानकारी दिया जाता है और न ही निर्माण कार्य का बोर्ड लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि मुरहू के गोड़ाटोली से रुगड़ी तक सड़क निर्माण का न तो बोर्ड लगा है और



न ही कौन कार्य कर रहा है इसकी जानकारी भी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पहले बनाया गया उक्त सड़क 2018 में कार्य शुरू तो हुआ था पर कितने वर्षों तक बनता रहा और कब कार्य समाप्त हुआ उसका उल्लेख बोर्ड पर नहीं लिखा गया है। उसके बाद अब फिर ये सड़क बन रहा है। जिसपर इस बार किसी भी निर्माण कार्य से संबंधित बोर्ड नहीं लगाया गया है। जो कि निर्माण शुरू होने से पहले ही बोर्ड लगाना चाहिए। इससे न तो लागत का पता चलता है और न ही गुणवता और टिकाऊ का समयावधि का पता चलता है। यही कारण कि कई योजनाएँ गुणवत्ता के अभाव में बंदर-बाँट हो जाता है। प्रखण्ड के उपप्रमुख अरुण साबू ने कहा कि जिला जिला के द्वारा प्रखंड को दी जानेवाली योजनाओं की जानकारी प्रखण्ड मुख्यालय को भी सूचित किया जाए तो गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। और प्रयास रहेगा कि आयी हुई योजना का समुचित लाभ जनता तक मिल सकेगा।

# पहाड़ टोली में पाट पहाड़ अगहन-पूर्णिमा मेला धूमधाम से संपन्न

बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत पहाड़ टोली में अगहन पूर्णिमा के अवसर पर लगनेवाले ऐतिहासिक पाठ पहाड़ मेला धूमधाम से मनाया गया। इस मेले का उद्घाटन खूँटी विधायक राम सूर्या मुंडा व तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया संयुक्त रूप ने फीता काटकर किया। मेला के संदीप ब्रदर्श जमा टोली बनाम एफ सी हल्दी गड़ा जिसमें संदीप ब्रदर्श जमा टोली मैदानी खेल में 0-1 गोल से विजय रहा. वही फुटबॉल टुनार्मेंट का दूसरा फाइनल मैच बिरसा युवा कल्ब पहाड़टोली बनाम ब्लैक टाईगर फुटबॉल कल्ब लतरातू के बीच खेला गया. जिसमें मैदानी खेल में 2-1 गोल की ब्लैक टाईगर



फुटबॉल क्लब लतरातू विजय रहा. मेला में लिटील स्ट्रार ग्रुप सिमडेगा का आर्केस्ट्रा आकर्षण का केन्द्र रहा. जिसमें? क्यूम अब्बास, रूपेश बड़ाइक, प्रितम कुमार, नमीता उरांव, सरिता बड़ाइक सहित अन्य कलाकारों ने अपने मधुर गीत-संगीत से लोगों झूमने में मजबूर किया. जिसका लोगों खुब जमकर लुप्त उठाया. मेला में मुख्य अतिथि खूंटी विधानसभा विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि मेला जतरा से आदिवासी परम्परा व सांस्कृतिक कि पहचान है वही तोरपा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा की अघन-पूर्णिमा में लगाने वाला ऐतिहासिक पाठ पहाड़ मेला खुशहाली का प्रतिक है जिसमें हमारे आदीवासी-मूलवासी किसान भाई बहन अपने घर साल भर का उपज को प्रवेश कराते हैं जिससे सभी परिवार में खुशहाली होती है और मेला जतरा हमारी परम्परा व सांस्कृतिक मुख्य आधार है जिसे हमें हमेशा जीवित रखना है।

मेला में रंग-बिरंगी मिठाई, आईसक्रीम, गोलगप्पे, तरह--तरह का झूला, खिलौने , सिंगार, फल सब्जी, गन्ना सहित कई तरह की दुकानें लगी थी। जिसका भी लोगों ने जमकर लुप्त उठाया। इस कार्यक्रम में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुशील पाहन, उपेन्द्र पहान, लाल मुंडा, मोहन मुंडा, वानसिंह मुंडा, केडी गुरू, रीबड़ मुंडा, सलेन्द्र मुंडा, वासीम मियां, निर्मल बड़ाइक, महादेव मुंडा, मंगल मुंडा, शिवा मुंडा, जयमंगल मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, मनोज मुंडा, गोपाल मुंडा, पंकज मुंडा, जितेन्द्र मुंडा, हरी पाहन के अलावे बिरसा युवा विकास कल्ब पहाड़ टोली के अन्य सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

## एबीडीएम के द्वारा विधायकों का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज 19 जनवरी को रांची में, तैयारियां शुरू

बिभा संवाददाता

**कुड़ू/लोहरदगा :** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश के द्वारा विधानसभा चुनाव में विजयी दो विधायकों तथा धोबी समाज के प्रत्याशियो के द्वारा विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन उम्मीदवारों का नागरिक अभिनंदन सह प्रदेश स्तरीय वन भोज कार्यक्रम का आयोजन अगामी 19 जनवरी को रांची के रूक्का डैम परिसर में आयोजित किया गया है. धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि धोबी समाज के दो उम्मीदवारों कांके से कांग्रेस के टिकट पर सुरेश कुमार बैठा तथा चंदनकियारी से झामुमो के टिकट पर उमाकांत रजक चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे तथा झारखंड में धोबी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है. दोनों विधायकों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा. अगामी 19 जनवरी को रांची के रूक्का डैम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. नागरिक अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विशुनदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक विधायक सुरेश कुमार बैठा, उमाकांत रजक विधानसभा चुनाव मे गिरीडीह गांडेय से प्रत्याशी रहे अर्जुन बैठा सहित विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन प्रत्याशियों सहित साल 2024 में विभिन्न सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा.

संपादकीय

## थम गई तबले की थाप

संगीत संसार में तबले को एक नया आयाम देने और अपनी कला से भारत को विश्वपटल पर पहचान दिलाने वाले तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब इस संसार में नहीं रहें। उनकी अद्वितीय प्रतिभा और साधना ने तबले को एक नई पहचान दिलाई। जाकिर हुसैन ने तबला वादन की कला अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा से सीखी। अल्ला रक्खा स्वयं भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान तबला वादकों में से एक थे। जाकिर ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए इसे वैश्विक मंच तक पहुंचाया। जाकिर हुसैन का संगीत तकनीकी दक्षता का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन था। जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ फ्यूजन म्यूज़िक और वर्ल्ड म्यूज़िक में भी तबले को स्थापित किया। ₹शक्ति₹ जैसे बैंड के साथ उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य संगीत के अद्भुत संयोजन किए। उनकी उंगलियों की थाप से तबले पर उभरने वाली ध्वनियां संगीत प्रेमियों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ती थीं। भारत सरकार ने जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण, और 2023 में पद्म विभूषण से अलंकृत किया। वर्ष 1990 में संगीत नाटक अकादमी ने सम्मानित किया। वर्ष 1999 में यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल एंडॉमेंट फ़ॉर द आर्ट्स की नेशनल हेरिटेज फ़ेलोशिप से सम्मानित किया गया था। यही नहीं इन्होंने ने अपने जीवन में कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शन किया। ग्रैमी अवॉड्र्स सहित उन्होंने अनगिनत पुरस्कार जीते। उनका योगदान भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में अमूल्य रहा। चाहे वह पंडित रविशंकर के साथ हो या जॉन मैकलॉघलिन जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ, जाकिर हुसैन ने हर बार अपनी प्रतिभा को नये रूप में स्थापित किया। नौ मार्च 1951 को महान तबला वादक अल्लाह रखा के घर में जन्में जाकिर हुसैन को उनके पिता अल्ला रक्खा खान ने बचपन से ही ताल से बांध दिया इसलिए थोड़ा बड़े होते ही इन्होंने घर के बर्तनों को बचाना प्रारंभ कर दिया था। मात्र 3 वर्ष की आयु से ही जाकिर के पिता उन्हें पखावज पढ़ाने लगे थे। इसके बाद उन्होंने 11 वर्ष की आयु में अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट किया था। जाकिर हुसैन 12 वर्ष के थे तब वह अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खान के साथ एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में इंदौर में पहुंचे। वहां मंच पर प्रख्यात संगीतज्ञ पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने उन्हें तबला बजाते हुए देखा। उनकी प्रस्तुति समाप्त होते ही पंडित जी ने आशीर्वाद स्वरूप जेब से पांच रुपये का नोट निकालकर उन्हें दिया और पूछा.......बेटा, मेरे साथ बजाओगे? और बस यहीं से जाकिर हुसैन के ताल का सफर शुरू हुआ और वह एक दिन उस्ताद जाकिर हुसैन बन गये।

# घरेलू विवाद से दहेज़ के झूठे मामलों में उलझते पुरुष

लेखक



प्रियंका सौरभ

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

> जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। ऐसे में अदालतों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि किसी कानून का दुरुपयोग कर किसी निर्दोष को न फंसाया जा सके। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए।

पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो ख़ास तौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना ज़रूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे कि धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए



पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुक़सान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए। पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। लिंग-तटस्थ कानूनों के लिए लिंग न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए नीति सुधार।

घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में, घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं यह पैतृक शिकायतों को सम्बोधित करते हुए बच्चे के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देता है। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। कार्यस्थल कल्याण कार्यक्रमों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत करके और जागरूकता अभियान बनाकर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने वाली समर्पित नीतियाँ स्थापित करें। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

झूठे आरोपों को सम्बोधित करना: कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न के मामलों में झूठे आरोपों को रोकने और दंडित करने के लिए कड़े तंत्र लागू करें। लैंगिक न्याय के प्रति संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत उपाय पुरुष कल्याण आयोगों की स्थापना है। कानूनी सहायता और परामर्श सहित पुरुषों से जुड़े विशिष्ट मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए महिला आयोगों के समान राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर वैधानिक निकाय बनाएँ। यूनाइटेड किंगडम में एक ₹पुरुष और लड़के गठबंधन₹ है जो मानसिक स्वास्थ्य और पैतृक अधिकारों जैसे मुद्दों की वकालत करता है। घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार के पुरुष पीड़ितों के लिए तत्काल सहायता और सहायता तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए लिंग-तटस्थ हेल्पलाइन और आश्रय स्थापित करें। भारत में (हिंसा और दुर्व्यवहार के विरुद्ध पुरुष) पहल दुर्व्यवहार के पुरुष पीड़ितों को सहायता प्रदान करती है। घरेलू हिंसा, हिरासत और दुर्व्यवहार से जुड़े मामलों में निष्पक्ष उपचार सुनिश्चित करने के लिए लिंग-तटस्थ दृष्टिकोण और पुरुषों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षित करें।

# मोहन सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता, आने लगे परिणाम

लेखक



मुकेश तोमर



सरकार यदि विकास के लिए प्रतिबद्ध हो तो असर गहरा दिखाई देता है। वैसे तो मध्य प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास इन दोनों तेजी से दिखाई देता है लेकिन यहां बात हम खेलों के संदर्भ में करेंगे । वस्तुतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों मेडल जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोखन कर रहे हैं। इसके पीछे प्रदेश में खिलाड़ियों को दी जा रही ट्रेनिंग, शिक्षा एवं खेलों में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का विशेष योगदान है। बात यहां यदि एक वर्ष की करें तो में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस साल पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपित में हिस्सा लिया। वहीं, पहली बार मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया गया है।

उज्जैन में जिम्नास्टिक, एथलेटिक, बास्केटबॉल, मलखंभ आदि खेलों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। देश में आज मलखंभ खेल की बात आती है, तो उसमें उज्जैन का नाम सर्वप्रथम आता है। उज्जैन में मलखंभ और जिम्नास्टिक अकादमी भी संचालित की जा रही है। यहां युवा खिलाड़ी अपने खेल कौशल का पूर्ण क्षमता के साथ सदुपयोग कर अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खास दिलचस्पी के चलते उज्जैन में हाल ही में बहुउद्देशीय खेल परिसर का लोकार्पण हुआ है। खेल विभाग का यह दूसरा वृहद खेल परिसर हैं, जिसमें इनडोर-आउटडोर खेल की सुविधा व स्विमिंग पूल उपलब्ध है। नव निर्मित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक है तथा इसी परिसर में बहुउद्देशीय खेल परिसर है, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मलखंभ एरिना, शूटिंग, फुटबॉल मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्लेयर्स लॉबी आदि सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक जिम की स्थापना की गई है।

भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में विभिन्न खेल अकादमियों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश-प्रदेश को पदक दिला रहे हैं। इस साल मई में आयोजित पेरिस ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक में पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और पदक भी अर्जित किए। इनमें हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद, शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और पैरा एथलीट प्राची यादव, पैरा एथलीट पूजा ओझा और कपित परमार शामिल हैं। कपिल परमार ने पहली बार पैरा ओलंपिक में भाग लेकर को जूडो में देश को पहला पदक दिलाया। होशंगाबाद के रहने वाले विवेक सागर प्रसाद ने टोक्यो ओलंपिक के बाद लगातार दूसरी बार हॉकी टीम की ओर से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया और टीम में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश को पदक दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पदक विजेता खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच शिवेंद्र सिंह देश टीम से भी खेल चुके हैं। उनकी कोचिंग में ही भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में 40 साल बाद देश को मेडल जिताया था। पेरिस ओलंपिक में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार देश को पदक दिलाया।

इस साल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में मध्य प्रदेश की चार खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश के शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा-केनोइंग खिलाड़ी प्राची यादव और महिला हॉकी खिलाड़ी सुशीला चानू को अर्जुन पुरस्कार तथा हॉकी प्रशिक्षक शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए जनजातीय कार्य विभाग भी अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है। हाल ही में जनजातीय कार्य विभाग के सभी स्कूलों में बच्चों की खेल अभिरूचियों के विकास के लिए खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग को एकलव्य विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय एवं सीएम राईज स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत तक की दिव्यांगता होने पर फ्री मोटोराईज्ड साईकिल उपलब्ध कराने को कहा है। प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने हर जिले के सरकारी स्कूलों में 110 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना की है। इन केन्द्रों के जरिये छात्र-छात्राओं को खेल अधो-संरचना के साथ उत्कृष्ट स्तर की खेल सामग्री और खेल प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस व्यवस्था से सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के खेल प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सहभागिता में भी बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में विभिन्न नोडल केन्द्रों के करीब 200 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहभागिता कर विभिन्न खेलों में 80 पदक प्राप्त किये।

राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं में सहभागिता की। पिछले वर्ष 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 खेलों में 26 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य समेत कुल 53 पदक प्राप्त किये। स्कूलों में खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिये कक्षा 9वीं से 12वीं तक आवासीय खेलकूद संस्थान, सीहोर में संचालित किया जा रहा है। इस आवासीय संस्थान में 200 सीट निर्धारित है। विद्यार्थी यहां विद्यालय में 4 वर्ष तक पढ़ाई के साथ अपनी रूचि के खेलों का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस आवासीय संस्थान के विद्यार्थियों का विभिन्न खेल प्रतियोगितायों में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। क्रिकेट की बात करें तो मध्य प्रदेश के कई खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर चुके हैं। आईपीएल में रजत पाटीदार, वेंकटेश अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने अपने खेल के दम पर लोगों का दिल जीता है। हाल ही में ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला गया था।

## राशिफल

**मेष** – आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**वृष** – स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मिथुन** – कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** – आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**सिंह** – स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** – आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**तुला** – धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**वृश्चिक** – मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु** – धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मकर** – किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ** – कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा।

**मीन** – ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं।

# कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार

लेखक



संजय तिवारी

(लेखक, भारत संस्कृति न्यास के अध्यक्ष और संस्कृति पर्व के संपादक हैं।)

> सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है।

प्रयागराज में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है।

सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी



मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है।

इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है।

यह कुंभ क्या है? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं।

**कुंभ और ब्रह्माण्ड :** कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है। इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं।

सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात् ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 'यत् पिण्डे, तत् ब्रह्माण्डे, तत् ब्रह्माण्डे, यत् पिण्डे', अर्थात् जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ, 'घट' का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है।

**अंड अर्थात अणु और इसके अंग:** जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे। अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में हम इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संज्ञा देते हैं। इन्हीं तीन के आधार पर आज की आधुनिक दुनिया दौड़ रही है। सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा। हमारे पूज्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश की निरंतर उपस्थिति के कारण क्या हैं और ब्रह्माण्ड का सृष्टि पर्व कुंभ ही क्यों है।

शास्त्र कहते हैं , कण कण में भगवान की उपस्थिति है। आधुनिक विज्ञान कहता है, प्रत्येक अणु में इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन की उपस्थिति है। फिर यह कुंभ क्या है और इस कुंभ के भीतर जो अमृत तत्व निर्धारित किया जाता है वह क्या है। आधुनिक विज्ञान की नवीनतम खोज के रूप में इलेक्ट्रॉन को चेतना या प्रकाश के रूप में देखा जा सकता है। यह जीवन और सृजनशीलता का प्रतीक है। यही गुण तो ब्रह्मा का भी है। प्रोटॉन को शक्ति या ऊर्जा के रूप में देखा जा सकता है। यह शक्ति और स्थिरता का प्रतीक है। न्यूट्रॉन को सद्भाव या शांति के रूप में देखा जा सकता है। यह संतुलन और एकता का प्रतीक है। इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, और न्यूट्रॉन से ही पदार्थ का अस्तित्व है।



# मोटापे की कट्टर दुशमन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं–

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर:

सेहतमंद दिल: दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम: अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया ज़रूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।

डायबिटीज कंट्रोल: दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर: दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम: दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय:

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज़्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में:

## स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

## टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

## एंटीऑक्सीडेंट

एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

## कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक


आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूबर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूबर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूबर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नैचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस– आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा– जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे– अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद– सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए– रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी–जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियां दूर रहती है।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं:

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

चीनी और शहद स्क्रब

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं: दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें: ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें: खानपान में विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है

# बिहार में विधानसभा चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाए, नीतीश कुमार भी साथ आएं

## –सांसद पप्पू यादव ने कहा–हमारी सरकार बनेगी तो प्राइवेट नौकरी में आरक्षण देंगे

**पूर्णिया (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव ने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाए। चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों को हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने इच्छा जताई कि सीएम नीतीश कुमार भी साथ आएं, लेकिन गठबंधन में किसे शामिल किया जाए यह राहुल गांधी तय करें।

पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर किसी में लड़ने की ताकत है तो वह राहुल और प्रियंका गांधी में ही है। इसलिए बिहार में गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करे। कांग्रेस बिहार में 15 जनवरी के बाद से अपने संगठन का विस्तार करने के साथ ही उसे मजबूत करेगी। पेपर लीक मामले पर पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में पेपर लीक एक पर्याय बन गया है। नालंदा जुर्म का केंद्र बन गया है। जितने पेपर लीक हो रहे, उसमें नालंदा ही केंद्र बिंदु है। दो दिन पहले भी बच्चों को पेपर नहीं दिए गए, ताला लगा दिया। जिन्हें माफिया ने सेंटर भेजा, टीचर की भूमिका निभाई, उसी को आंसर लिखाया गया। पढ़ने वाले बच्चे इससे वंचित रह गए।

पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को लोकसभा में उठाते रहे हैं, वही मुद्दे मेरे भी हैं। हमारी सरकार बनेगी तो हम प्राइवेट नौकरी में आरक्षण का प्रावधान करेंगे।

सभी ठेकेदारी में 40 फीसदी बेरोजगार युवाओं के लिए 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि पार्टी 2025 का रोडमैप बनाकर आगे की रणनीति तय करेगी। पप्पू यादव ने रविवार को पार्टी के पटना कार्यालय में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सदस्यता महाअभियान के तहत दिसंबर तक 10 लाख सदस्य बनाना था, जिसके करीब पार्टी पहुंच चुकी है।

सदस्यता महाअभियान की तिथि बढ़ा कर 31 जनवरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का जिला सम्मेलन वहीं होगा, जिससे जुड़े विधानसभा क्षेत्र में पार्टी मजबूत हो।

प्रदेश अध्यक्ष ने लोजपा (पारस) महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्मिता शर्मा को उनके समर्थकों के साथ सदस्यता दिलाई।



## सत्येंद्र जैन के मानहानि मामले में कोर्ट ने बांसुरी स्वराज को भेजा नोटिस



नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी कर दिया है। सांसद बांसुरी के खिलाफ यह याचिका आम आदमी पार्टी के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक सत्येंद्र जैन द्वारा दायर की गई थी जिसके बाद कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। आप नेता जैन ने आरोप लगाया है कि बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। अदालत ने सांसद बाखुरी को 20 दिसंबर को पेश होने को कहा है। बांसुरी स्वराज व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से पेश हो सकती हैं। इसी तारीख को अदालत मामले में सत्येंद्र जैन और उनके दो गवाहों के बयान दर्ज करेगी। जैन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है, बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टीवी चैनल पर एक इंटरव्यू के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। आप नेता जैन ने दावा किया है कि यह टिप्पणी स्वराज ने उन्हें बदनाम करने और अनुचित राजनीतिक फायदा हासिल करने के लिए की थी। उन्होंने कहा, बांसुरी ने झूठा दावा किया कि उनके घर से 3 करोड़ रुपये बरामद हुए और उनके घर से 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद किए गए थे।

## 2.5 लाख जानवरों की सामूहिक बलि, बचाने में जुटा भारत

नई दिल्ली। नेपाल में हर पांच साल में गढ़ीमाई का मेला होता है जहां लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय प्रशासन ने इस बार जानवरों को बचाने के लिए दिन रात एक कर दिया। बता दें कि नेपाल के बारा जिले के बरियारपुर गांव में हर पांच साल में यह मेला लगता है जिसमें लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि बलि के लिए नेपाल ले जाए जाने वाले जानवरों को बचाया जाए। जानकारों के मुताबिक इस मेले में महीनेभर में करीब 2.5 लाख से पांच लाख जानवरों की बलि दे दी जाती है। बताया जाता है कि 265 सालों से गढ़ीमाई का यह उत्सव होता है। जानकारी के मुताबिक भारतीय सुरक्षाबलों और प्रशासन की सतर्कता की वजह से कम से कम 750 जानवरों को बचाया गया है जिनमें भैंसें, बकरियां, भेड़ और अन्य जानवर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार दो ही दिन में 8 और 9 दिसंबर को गढ़ीमाई के मंदिर में 4200 भैंसों की बलि दे दी गई। नेपाल के भी सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में जानवरों की बलि रोकने का आदेश दिया था। बताया गया कि बलि के लिए ज्यादातर जानवर खरीदे जाते हैं। जानकारों का कहना है कि लोग मन्नत पूरी होने के लिए गढ़ीमाई के मंदिर में बलि देते हैं। विश्व में सबसे ज्यादा बलि इसी मंदिर में होती है।

## दिल्ली–एनसीआर में कोहरा और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें

### – 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना

नई दिल्ली। एनसीआर में लगातार ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार 17 दिसंबर से कोल्ड वेव की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना है। सोमवार को सुबह ही एनसीआर में हल्का कोहरा देखा गया, जिसके बाद से ठंड और कोहरे की स्थिति गंभीर होने की संभावना है। मंगलवार से अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक जा सकता है। 17 दिसंबर को कोहरे की शुरुआत होने की संभावना है, जिसके साथ-साथ अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहने की संभावना है। 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि 20 दिसंबर के बाद अचानक मौसम फिर बदल सकता है और घना कोहरा संभावित है। वाहन चालकों को सड़कों पर सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। इस बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों को ध्यान में रखकर सभी लोग सावधान रहें। मौसम के अनुसार बदलाव का सामना करने के लिए तैयार रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## बच्चे नहीं हो रहे, तांत्रिक के कहने पर युवक ने जिंदा चूजा निगल लिया... हो गई मौत

सरगुजा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा से अजीबोगरीब और दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने तंत्र मंत्र के चक्कर में जिंदा चूजा निगल लिया। इसके बाद युवक की अचानक से तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पहले डॉक्टरों को लगा कि शायद हार्टअटैक से युवक की मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम करने पर युवक के गले में मरा हुआ चूजा फंसा मिला। मामला अंबिकापुर का है। मृतक की पहचान छिंदकालो गांव निवासी 36 वर्षीय आनंद कुमार यादव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शादी के पांच साल बीतने बाद भी बच्चे नहीं हो रहे थे। इससे वह परेशान रहने लगा था। तब युवक को किसी ने एक तांत्रिक से इलाज करवाने की सलाह दी। इसके तांत्रिक ने ही युवक को जिंदा चूजा निगलने के लिए कहा था। जिससे उसकी मौत हो गई।

## उत्कर्ष कोचिंग सेंटर के परिसर को किया गया सील, जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ हुई थीं बेहोश

जयपुर। जयपुर नगर निगम ने कोचिंग संस्थान में हुई घटना पर कार्रवाई कर उस परिसर को सील कर दिया है, जहां से उत्कर्ष कोचिंग सेंटर संचालित हो रहा था। शहर के उत्कर्ष कोचिंग में जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ बेहोश हुई थीं। जिसके बाद छात्राओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दो की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। बता दें कि उत्कर्ष कोचिंग शहर के गोपालपुरा इलाके में चलता था। घटना के बाद पुलिस ने बताया कि कोचिंग में गैस का स्रोत नहीं है। वहीं जांच के दौरान ये पता चला है कि कोचिंग के पीछे वाले नाले से जहरीली गैस फैली थी, जिससे कोचिंग की 12 छात्राएं बेहोश हो गईं। जहरीली गैस से बेहोश होने वाले 12 छात्रों में से सात को सोमानी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है, वहीं डॉक्टर ने बताया कि इनमें से दो छात्राओं की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। जबकि पांच छात्राओं का इलाज मानसरोवर स्थित मेट्रो मास अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने कहा कि इस कोचिंग की सभी खिड़कियां बंद थीं। और क्लास के दौरान दरवाजा भी बंद था। कोचिंग में जहरीली गैस का कोई उपकरण नहीं है और कोई गैस पाइपलाइन भी नहीं है। इस घटना पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने लिखा है कि ये बेहद चिंताजनक घटना है और इसकी जांच होनी चाहिए।

## ट्रैक्टर चोरी के शक में शख्स की पीट-पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में ट्रैक्टर चोरी के शक में एक शख्स की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में ट्रैक्टर मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक को बचाकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शंभू साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, यह घटना योगियां गांव में हुई, जब ट्रैक्टर चोरी के शक में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

## संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 लापता हुए तीर्थों को तलाश रही पुलिस

**संभल (एजेंसी)।** संभल में सैकड़ों साल पुरानी मूर्ती मिलने से जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। सरकारी रिकॉर्ड में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ लापता है। प्रशासन ने इसे सूचीबद्ध करके इनकी तलाश शुरु कर दी है। डीएम राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि यहां पर चार तरह की कार्रवाई की जा रही है। पहली यह है कि जो शुरुआत में ही बताया गया कि संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ हैं। इनकी खोज करने में पूरी टीम लगी हुई है। दूसरा जो अस्थायी अतिक्रमण नालियों आदि पर किया गया है, उन्हें हटाया जा रहा है। स्थायी अतिक्रमण को नोटिस देने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा। तीसरा बिजली चोरी के खिलाफ एक्शन है। बिजली चोरी में अभी तक पांच करोड़ का एसेसमेंट बनाया गया है। बिजली चोरी रोकने केलिए आर्मड केबल लगाया जा रहा है। चौथा प्लान गैरकानूनी गतिविधियों पर एक्शन की तैयारी है।



वहीं, बीते रोज मिले मंदिर को लेकर डीएम ने बताया कि वहां पर सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। पुलिस टीम भी सुरक्षा में लगा दी गई है। अतिक्रमण को लेक डीएम ने कहा कि कोई भी तालाब सार्वजनिक संपत्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट भी कहता है कि इनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। जिसने भी तालाब पर अतिक्रमण किया है उन्हें नोटिस देकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 24 नंवबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान यहां हिंस भड़क गई थी। इस हिंसा में गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। इसी के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर एफआईआर दर्ज की और धरपकड़ का अभियान चलाया है। इसी के तहत यहां पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में शनिवार को बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई।

## ईवीएम को लेकर उमर अब्दुल्ला के बदले स्वर, गठबंधन में मतभेद?

### कांग्रेस बोली–अपने तथ्यों की करें जांच, सहयोगियों के साथ ऐसा दृष्टिकोण क्यों?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईवीएम को लेकर अब गठबंधन में मतभेद सामने आ गए हैं। कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला की ईवीएम पर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम बनने के बाद गठबंधन सहयोगियों के प्रति उनके दृष्टिकोण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीएम उमर ने कहा कि आपको ईवीएम से दिक्कत कैसे हो सकती है और फिर भी आप चुनाव लड़ते रहें। अगर आपको ईवीएम पर भरोसा नहीं है, तो आपको चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि अगर मैं जीत गया तो चुप रहूंगा और हार गया तो ईवीएम में कुछ गड़बड़ है।



कांग्रेस ने कहा कि समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) ने ईवीएम के खिलाफ बात की थी, क्योंकि उन्होंने वोटिंग पद्धति पर पार्टी के रुख पर सवाल उठाने के लिए सहयोगी उमर अब्दुल्ला पर पलटवार किया। सोमवार को तीखे शब्दों वाले पोस्ट में कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला को ट्वीट कर कहा कि यह समाजवादी पार्टी, एनसीपी और शिवसेना यूबीटी हैं जिन्होंने ईवीएम के खिलाफ बात की है। कृपया अपने तथ्यों की जांच करें। कांग्रेस सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से केवल ईसीआई को संबोधित किया गया है। सीएम बनने के बाद हमारे सहयोगियों के साथ ऐसा दृष्टिकोण क्यों?

उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में पार्टी की गठबंधन सहयोगी है। यह घटनाक्रम कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के एक अन्य सहयोगी के बीच टकराव का एक और बिंदु है। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर चिंता जाते हुए बैलेट पेपर से मतदान कराने की वकालत की है। उमर अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कांग्रेस की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि वोटिंग मशीनें केवल तभी समस्या नहीं हो सकतीं जब आप चुनाव हार जाते हैं।

अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब आपके 100 से ज्यादा सांसद एक ही ईवीएम का उपयोग करते हैं और आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में मनाते हैं, तो आप कुछ महीने बाद पलटकर यह नहीं कह सकते कि हमें ईवीएम पसंद नहीं हैं क्योंकि अब चुनाव परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते हैं। उमर ने अपना खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब वे इस साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव हार गए थे, तो उन्होंने कभी भी ईवीएम को दोष नहीं दिया।

इस मौके का फायदा उठाते हुए बीजेपी ने सीएम उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी का इस्तेमाल कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए किया। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस के जीतने पर ईवीएम अच्छी नहीं हो सकती और हारने पर खराब। राहुल गांधी लगातार हारे हुए व्यक्ति की तरह दिख रहे हैं, जिनके साथ कोई खड़ा नहीं होना चाहता।

## हिमाचल में 31 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का सीएम सुक्खू ने किया उद्घाटन

सोलन। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम सुक्खू ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सीएम सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खल्लर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपए की लागत वाली पेयजल योजना का भी उद्घाटन किया। उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपए लागत से निर्मित सात नलकूपों और क्षेत्र में 4.82 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सुधार परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने तीन पुलों की आधारशिला रखी, जिनमें 5.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला रेतार खड्ड पुल और 3.51 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला भटौली खड्ड पुल शामिल हैं।

## उद्धव और राज समझ गए बंटेंगे तो कटेंगे- दोनों भाईयों में बन रही सुलह की संभावना

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव में बंटेंगे तो कटेंगे का नारा खूब उछला था। किसी ने इस नारे पर भरोसा किया हो या न किया हो। पर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर इसका प्रभाव जरुर दिखाई देता नजर आ रहा है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले बीएमसी चुनाव में दोनों भाई साथ आ सकते हैं। हाल ही में एक पारिवारिक कार्यक्रम में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे की एंट्री ने परिवार में सुलह के संकेत दिए हैं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे भी पहुंचे थे। हालांकि, इसे लेकर दोनों ही नेताओं ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।



दरअसल, रविवार को उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे के भांजे शौनक पातंकर की शादी में राज पहुंचे थे। इसके साथ ही अटकलें शुरू हो गईं कि दोनों भाई सियासी मैदान में हाथ मिला सकते हैं। बांद्रा पश्चिम के ताज लैंड्स एन्ड में हुए कार्यक्रम में कई बड़े राजनेता पहुंचे थे। चर्चाएं हैं कि राज और उद्धव मतभेद भुलाकर आगामी निकाय चुनाव के लिए साथ आ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ही दलों के कार्यकर्ता सुलह की बात पर जोर दे रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि दोनों नेताओं का साथ आना मराठी मतों को एकजुट कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि राज के शादी समारोह में पहुंचने को उद्धव की तरफ से शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने के तौर पर देखा जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि राज समारोह के दौरान रश्मि और उनकी मां से मिले थे। हालांकि, उनकी मीटिंग आदित्य ठाकरे से नहीं हो सकी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शिवसेना यूबीटी और मनसे के बीच जारी सियासी तनातनी मराठी वोट बंटने का कारण बन रही है। राज और उद्धव आंतरिक कलह के चलते साल 2006 में अलग हो गए। राज ने मनसे का गठन किया। वहीं, उद्धव को अविभाजित शिवसेना की कमान मिली थी।

## फिर बढ़ने लगा बिहार में पकड़ौआ विवाह का चलन

**पटना (एजेंसी)।** पकड़ौआ विवाह की परंपरा अब बिहार के कई जिलों में फिर से चर्चा में है। साल 2024 में, इस परंपरा में अचानक इजाफा देखा गया है। हाल ही में बेगूसराय जिले के एक बीपीएससी शिक्षक का पकड़ौआ विवाह हुआ है।



यह घटना बिहार में पकड़ौआ विवाह के बढ़ते मामलों की ओर इशारा करती है, और समाज में इसके प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इस प्रकार की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार और समाज को सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। यह घटना तब सामने आई जब शिक्षक ने अपनी चार साल पुरानी प्रेमिका से शादी करने से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष के लोगों ने गुस्से में आकर उसे पकड़ लिया और मंदिर में उसकी शादी करवा दी। यह मामला कटिहार जिले का है, जहां बीपीएससी शिक्षक अवनीश कुमार ने अपनी प्रेमिका गुंजन से लंबे समय तक रिश्ते में रहने के बावजूद शादी से मना कर दिया।

लड़की के परिवार वालों ने इस इनकार से नाराज होकर अवनीश का अपहरण कर लिया और एक मंदिर में उसकी शादी करवा दी। शादी के बाद जब लड़की अपने ससुराल पहुंची, तो लड़के के परिवार ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया, और मारपीट का आरोप भी लगाया। लड़की ने इस पूरे घटनाक्रम के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है, और न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि, शिक्षक अवनीश कुमार ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि लड़की का उनके साथ कोई प्रेम संबंध नहीं था और उसे बार-बार परेशान किया जाता था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका अपहरण किया गया और जबरन शादी करवाई गई।

पकड़ौआ विवाह का इतिहास बिहार में 1980 के दशक से जुड़ा हुआ है, खासकर मिथिलांचल के क्षेत्रों जैसे बेगूसराय, दरभंगा और मधुबनी जिलों में। इस परंपरा में शादी के लायक लड़के का अपहरण किया जाता है और फिर उसे धमकाकर विवाह के बंधन में बांध दिया जाता है। 1990 के दशक में इस परंपरा में कमी आई, लेकिन 2024 में इसके मामलों में फिर से वृद्धि देखने को मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मिथिलांचल समेत बिहार के 18 जिलों में 2024 में 70 से अधिक पकड़ौआ विवाह हो चुके हैं।

## क्या 2013 की तरह इस बार महाकुंभ में पीएम उम्मीदवार के नाम पर लगेगी मुहर?

### –योगी के नाम पर सभी की रजामंदी, सार्वजनिक रुप से अभी नहीं होगा ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत स्तर के एक पदाधिकारी बताया कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में बीजेपी के अगले पीएम उम्मीदरवार के नाम का प्रस्ताव आ सकता है। वे बताते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नाम पर सभी की रजामंदी है। अभी लोकसभा चुनाव दूर हैं, इसलिए सीधे तौर पर उनके नाम का ऐलान नहीं होगा। योगी को प्रोजेक्ट करने की पूरी तैयारी चल रही है।

महाकुंभ 13 जनवरी, 2025 से शुरू होगा। 12 साल पहले प्रयागराज में ही आरएसएस ने नरेंद्र मोदी का नाम संतों के सामने रखा था। उनके समर्थन के बाद नरेंद्र मोदी को बीजेपी का पीएम उम्मीदवार घोषित किया गया था। क्या इस बार भी ऐसा ही योगी आदित्यनाथ के लिए होगा।

मीडिया रिपोर्ट से सामने आया है कि लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, योगी आदित्यनाथ का नाम बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल है। वे राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड से लेकर साउथ में तमिलनाडु और तेलंगाना तक चुनावी रैलियां कर चुके हैं। हाल ही में हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे का असर भी दिखा। यहां उन्होंने 11 रैलियां कर 17 उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे थे। इनमें 15 चुनाव जीत भी गए। योगी ने ये नारा यूपी में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के दौरान बार-बार दोहराया था। पीएम मोदी ने 5 अक्टूबर को ठाणे और वाशिम में हुई रैलियों में अलग ढंग से यही बात कही थी।

आरएसएस के पदाधिकारी बताते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे का नारा भले योगी के मुंह से निकला हो, लेकिन इसके पीछे आरएसएस ही है। ये आरएसएस की शाखाओं में गाया जाने वाला बहुत पुराना गीत है। इसे आजादी के समय से गाया जा रहा है। ये गीत था- इतिहास कहता है कि हिंदू भाव को जब-जब भूले, आई विपदा महान, भाई छूटे, धरती खोई, मिटे धर्म संस्थान।

यही बात मथुरा की बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कही थी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में एकता नहीं रहेगी, तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। कुंभ में इस बार हिंदू एकता की चर्चा होगी, क्या किसी बड़े मुद्दे पर चर्चा होगी या फिर कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा? इस पर होसबोले ने कहा कि इसकी चर्चा तो हम कई साल से कर रहे हैं। ये हमारे करिकुलम में बहुत पहले से है। इस बार चर्चा आरएसएस के उस गीत को दोबारा चर्चा में लाने वाले की होगी। चर्चा होगी कि देश का भविष्य किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा। चर्चा होगी कि नया सूर्य कौन होगा।

आरएसएस के पदाधिकारी ने कहा कि ये सब उस तरह नहीं होगा, जैसे मोदी के नाम पर मुहर लगी थी। तब कुंभ के अगले साल लोकसभा चुनाव थे। इसलिए पीएम पद के लिए चेहरे पर पक्की मुहर के लिए उस आयोजन से बेहतर कोई और वक्त नहीं था। इतने बड़े स्तर पर हिंदू समाज के संगठन और साधु-संतों का जमावड़ा फिर कहां मिलता। इस बार कुंभ और चुनाव के बीच चार साल का फासला है। नाम पर तो चर्चा होगी, लेकिन सभी संगठनों के बीच एक प्रस्ताव की तरह इसे लाया जाएगा।। पदाधिकारी ने कहा कि सूची में अब तक तो योगी ही हैं।



संक्षिप्त समाचार

## यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताये शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखने के टिप्स

**मुंबई।** हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि थोड़ा सा ध्यान और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार कर सकता है फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है- समझदारी से खाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि आप भोजन करना छोड़ दें या क्रैश डाइटिंग करें। बल्कि, आपको एक संतुलित आहार अपनाना चाहिये, जिसमें आवश्यक पोषक तत्व हों। स्मार्ट स्नैकिंग के लिए कैलिफोर्निया आमंड एक बेहतरीन विकल्प हैं। 200 से ज्यादा प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, बादाम में 15 पोषक तत्व जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। कैलिफोर्निया आमंड विशेष रूप से प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, जो न केवल ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि मांसपेशियों के विकास और रखरखाव में भी मदद करता है। आप बादाम को भूनकर खा सकती हैं या इन्हें भारतीय मसालों/स्पाइस के साथ मिला सकते हैं। क्योंकि बादाम ऊर्जा का खजाना हैं, ये आपको एनर्जी से भरपूर महसूस कराएंगे।

## खुलते ही पूरा भर गया था आईपीओ, 51 प्राइस बैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स के मार्केटिंग और डिस्ट्रिब्यूशन में सक्रिय कंपनी हैम्प्स बायो लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर को निवेश के लिए ओपन हुआ था। यह इश्यू 17 दिसंबर को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 51 रुपये तय किया गया है। इस एसएमई इश्यू को पहले दिन पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया था। पहले ही दिन इसको 10.61× सब्सक्राइब कर लिया गया था। शेयर आवंटन 18 दिसंबर को किया जाएगा। सफल बोलीदाताओं के डीमैट खाते में हैम्प्स बायो शेयरों का क्रेडिट किया जाएगा। हैम्प्स बायो लिमिटेड के शेयर 20 दिसंबर को बीएसई एसएमई पर लिस्ट होने की उम्मीद है।

इन्वेस्टरगेन के अनुसार, हैम्प्स बायो के शेयर ग्रे मार्केट में 40 रुपये प्रति शेयर प्रीमियम पर हैं। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयरों की संभावित लिस्टिंग कीमत 91 रुपये होगी। यानी लिस्टिंग पर करीबन 79 प्रतिशत का मुनाफा हो सकता है।

**क्या है डिटेल-** हैम्प्स बायो आईपीओ का प्राइस बैंड 51 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। रिटेल निवेशकों को एक लॉट में कम से कम 2,000 शेयर खरीदने होंगे, जिससे न्यूनतम निवेश राशि 1,02,000 रुपये हो जाएगी। बिगशेयर सर्विसेज प्रा. को हैम्प्स बायो आईपीओ के लिए रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। मारवाड़ी चंदराना इंटरमीडियरीज ब्रोकर्स प्रा. इश्यू और प्योर ब्रोकी के बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

हैम्प्स बायो लिमिटेड व्यवसाय और वित्तीय हैम्प्स बायो लिमिटेड 50 से अधिक वितरकों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के नेटवर्क के माध्यम से टैबलेट, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, तेल और पोषण संबंधी पूरक सहित फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स का डिस्ट्रिब्यूशन करता है। इन प्लेटफार्मों में अमेजन (यूएस, कनाडा, ईयू), फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट शामिल हैं। फार्मा उत्पाद भारत भर के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बेचे जाते हैं।

# टाटा स्टील ने रचा इतिहासः भारत की पहली ऑल-वुमेन शिफ्ट की आयरन ओर माइन में हुई शुरूआत

## टाटा स्टील की वूमेन@माइंस और तेजस्विनी पहल ने महिलाओं को खनन संचालन के सभी कार्यों में सशक्त बनाया

**मुंबई/बिभाः** टाटा स्टील ने बाधाओं को तोड़ते हुए आज से नोआमुंडी आयरन माइन में भारत की पहली ऑल-वुमेन शिफ्ट की शुरूआत कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह पहल कंपनी की समावेशी कार्यस्थल और पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान उद्योगों में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

इस ऑल-वुमेन शिफ्ट में खनन की सभी प्रमुख गतिविधियों के लिए महिलाओं को शामिल किया गया है, जिनमें हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) संचालन, शोवल, लोडर, ड्रिल, डोजर ऑपरेशन और शिफ्ट सुपरविजन जैसी ज़िम्मेदारियाँ शामिल हैं।

इस ऐतिहासिक पहल की शुरूआत श्याम सुंदर प्रसाद, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, माइंस सेफ्टी, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र, रांची, झारखंड ने हरी झंडी दिखाकर की। यह कदम न केवल समतामूलक कार्यस्थल को बढ़ावा देता है, बल्कि महिलाओं को खनन उद्योग में







नेतृत्वकारी भूमिकाएँ निभाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक नया अध्याय भी है।

प्रसाद ने प्रगतिशील कार्यस्थल के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि 2019 में खनन क्षेत्र में महिलाओं को सभी शिफ्ट्स में कार्य करने की अनुमति देने का डीजीएमएस का फैसला एक महत्वपूर्ण और सही दिशा में उठाया गया कदम था। उन्होंने टाटा स्टील की इस पहल की सराहना की, जो एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में ऐसी पहल में नेतृत्व कर रही है।

इस अवसर पर राकेश रमेश्वर मिश्रा, डायरेक्टर, माइंस सेफ्टी, चाईबासा, और सुधीर आर, डिप्टी डायरेक्टर, माइंस सेफ्टी, चाईबासा भी उपस्थित थे। डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल, टाटा स्टील ने कहा, यह ऑल-वुमेन शिफ्ट न केवल टाटा स्टील के लिए, बल्कि भारतीय खनन उद्योग के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह महिलाओं की दृढ़ता और उनकी क्षमताओं का प्रमाण है, जो पारंपरिक सोच को तोड़ रही हैं। यह हमारी इस सोच को भी दशार्ता है कि विविधता और समावेशन नवाचार और उत्कृष्टता के लिए आवश्यक हैं। हमें इस बदलाव का नेतृत्व करने पर गर्व है और हम विशेष रूप से खनन क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक अवसर सृजित करते रहेंगे। यह पहल नोआमुंडी में खनन के गौरवशाली 100 वर्षों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है।

तेजस्विनी 2.0 कार्यक्रम, जो 2021 में शुरू किया गया, के तहत आसपास के समुदायों की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए गहन प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) ऑपरेटर के रूप में शामिल किया गया। इस पहल को अत्यधिक उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, और महिलाओं को डंपर, शोवल, डोजर, ग्रेडर और ड्रिल ऑपरेटर जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में तैनात किया गया। कार्यबल में शामिल होने से पहले, उन्हें तकनीकी और संचालनात्मक कौशल, सिमुलेटर प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रोटोकॉल और शारीरिक फिटनेस पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो उनके आत्मविश्वास और क्षमता को और मजबूत करने में सहायक रहा।

तेजस्विनी 2.0 की सफलता ने 2022 में तेजस्विनी 2.1 कार्यक्रम की नींव रखी, जिसने 2100 से अधिक आवेदनों को आकर्षित किया, जिनमें से 24 ऑपरेटरों का चयन किया गया।

इस वर्ष की शुरूआत में, नोआमुंडी माइन ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अपने कार्यबल में 9 ट्रांसजेंडर एचईएमएम ऑपरेटरों को शामिल किया, जिससे टाटा स्टील के समावेशन और समानता के प्रति उसकी मजबूत प्रतिबद्धता और स्पष्ट हुई। यह कदम कंपनी की विविधता और समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

टाटा स्टील को 2023 के वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम के ग्लोबल डाइवर्सिटी, इक्विटी और इनक्लूजन लाइटहाउस से सम्मानित किया गया है, और हाल ही में इंडिया वर्कप्लेस इक्वलिटी इंडेक्स 2024 द्वारा लगातार चौथे वर्ष गोल्ड एम्प्लॉयर के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, जो एलजीबीटी+ समावेशन के प्रति कंपनी की अडिग प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इसके अलावा, टाटा स्टील ने अपने भारत कार्यबल में 20% विविधता हासिल की है।

# लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस है कार्लोस स्लिम

### स्लिम के माता-पिता लेबनॉन से मेक्सिको आए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स पर नजर डालें तो वहां भारत के दो रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आपको मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम का नाम दिखेगा। कार्लोस स्लिम लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस हैं। उनकी नेटवर्थ 85.4 अरब डॉलर है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अंबानी से एक स्थान नीचे और अडानी से एक स्थान ऊपर 18वें नंबर पर हैं। स्लिम के पास लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी मोबाइल फोन ऑपरेटर कंपनी में कंट्रोलिंग स्टेक है।

कार्लोस स्लिम हेलू का जन्म 1940 में मेक्सिको सिटी में हुआ था। उनके माता-पिता लेबनॉन से आकर मेक्सिको में बसे थे। उन्होंने 1961 में मेक्सिको स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की नेशनल ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। 25 साल की उम्र में उन्होंने अपनी कंस्ट्रक्शन कंपनी शुरू की और 1980 के दशक में मेक्सिको के



कर्ज संकट के दौरान टोबैको, कॉपर और माइनिंग में जमकर निवेश किया। साथ ही उन्होंने 1990 के दशक में रेस्टोरेंट एंड रिटेल चेन सैनबोर्न हरमनोस को भी खरीद लिया। इसी दौरान उन्होंने सरकारी टेलिकॉम कंपनी टेलमैक्स और वायर एंड फाइबर-ऑप्टिक केबल बनाने वाली कंपनी ग्रुपो कंडुमेक्स को भी अपनी झोली में डाल लिया।

**मौके पर चौका-** पिता का कारोबार संभालने के उन्होंने स्टॉक ट्रेडर के तौर पर काफी मेहनत की। 25 की उम्र में उनके पास 30 लाख डॉलर की बड़ी राशि आई। मेक्सिको में कर्ज संकट और तेल की कमी उनके लिए एक बड़ी संभावना बनकर आई। पैसा बहुत तेजी से देश के बाहर जा रहा था। मौके का लाभ उठाते हुए उन्होंने काफी कम कीमत में कई कंपनियां खरीदीं। फिर उन्होंने इन कंपनियों को मुनाफे में लाकर बेच दिया। स्लिम इसे ही अपनी सफलता का राज मानते हैं।

### कैसे मिली सफलता

एक दशक बाद उन्होंने अमेरिकन मोविल के बैनर तले पूरे लैटिन अमेरिका में मोबाइल फोन ऑपरेशंस को खरीदा। 2011 में उन्होंने इसे टेलमैक्स में मर्ज कर दिया। स्लिम की साथ ही कई कमर्शियल बैंकों और एनर्जी कंपनियों में भी हिस्सेदारी है। अपनी फैमिली इनवेस्टमेंट कंपनी ग्रुप कारसो के जरिए उन्होंने मेक्सिको की कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में भी निवेश किया है। स्लिम की वेल्थ में बड़ा हिस्सा पब्लिकली ट्रेडेड कंपनियों से आता है। उनकी आधी दर्जन से अधिक पब्लिक कंपनियों में हिस्सेदारी है जिनसे उन्हें डिविडेंड मिलता है। साल 2008 में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स में भी 6.4 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी।

स्लिम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से ही वह उद्यमी बनकर अपने पिता के काम में हाथ बंटाना चाहते थे। छोटी उम्र में ही उन्होंने पिता से बिजनस का ककहरा सीख लिया था। उनके पिता ने उन्हें फाइनेंस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग के बारे में बताया था। 11 साल की उम्र में उन्होंने गवर्नमेंट सेविंग्स बॉन्ड में निवेश किया, तो उन्हें पहली बार चक्रवृद्धि ब्याज के बारे में पता चला। 12 साल की उम्र में उन्होंने मैक्सिकन बैंक में पहला शेयर खरीदा था। जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता की मृत्यु हो गई। पिता के कारोबार की जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग के साथ अर्थशास्त्र की भी पढ़ाई की ताकि कारोबार की बारीकियों को समझ सकें।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा; एफपीआई के आंकड़े भी आए सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।




इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजार में वापसी की। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अकतूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। दिलचस्प यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

### पहले बात करते हैं शेयर बाजार की

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### इनका बाजार मूल्यांकन बढ़ा

- समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।
- इन्फोसिस की बाजार हैसियत 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये रही।
- एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,760.8 करोड़ रुपये बढ़कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# एफपीआई रिटर्न्स, दिसंबर में भारतीय शेयर मार्केट में 22,766 करोड़ रुपये डाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में वापसी की है। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। अक्टूबर की निकासी का आंकड़ा सबसे खराब रहा था।

दिलचस्प तथ्य यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। यह विदेशी निवेशकों के निवेश के रुख में अस्थिरता को दर्शाता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, ताजा फ्लो के साथ 2024 में अबतक शेयरों में एफपीआई का निवेश 7,747 करोड़ रुपये रहा है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, आगे चलकर भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों का प्रवाह कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगा। इनमें डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा राष्ट्रपति के रूप में लागू की गई नीतियां, मौजूदा मुद्रास्फीति और ब्याज दर की स्थिति और भू-राजनीतिक परिदृश्य शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे और आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर देश की प्रगति भी निवेशक धारणा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने अबतक (13 दिसंबर तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसकी वजह यह है कि माना जा रहा है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर में कटौती करेगा। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को कम करके तरलता बढ़ाई है, जिससे निवेशकों की धारणा को बल मिला है।

# कोका-कोला और जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के बीच हुआ रणनीतिक निवेश समझौता

**मुंबई, एजेंसी।** कोका-कोला कंपनी ने आज विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति वाले एक मल्टी-बिलियन समूह जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के साथ एक अनुबंध की घोषणा की है। इसके तहत जुबिलेंट भारतिया ग्रुप ने हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। यह कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड की मूल कंपनी है, जो भारत में कोका-कोला का सबसे बड़ा बॉटलर (एक ऐसी कंपनी या संगठन, जो पेय पदार्थों, खासकर कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का उत्पादन, पैकिंग और वितरण करता है) है।

कोका-कोला ने हमेशा ही उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और अब भारत में उपलब्ध अवसरों में निवेश करके यह सतत् और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। भारत में कोका-कोला के स्थानीय स्वामित्व वाले फ्रेंचाइजी पार्टनर सफल परिणामों को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। जुबिलेंट भारतिया ग्रुप का यह निवेश कंपनी की निरंतर सफलता में योगदान करेगा और भारतीय बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।

कोका-कोला इंडिया के प्रेसिडेंट संकेत रे ने कहा, ''हम भारत में कोका-कोला सिस्टम में जुबिलेंट भारतिया ग्रुप का स्वागत करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अपने अलग-अलग तरह के अनुभव के साथ, जुबिलेंट अपने दशकों के समृद्ध अनुभव को लेकर आया है, जो कोका-कोला सिस्टम को बढ़ावा देने में मदद करेगा और हमें बाजार में अग्रणी बने रहने में सक्षम बनायेगा। इसके साथ ही हमें स्थानीय समुदायों और ग्राहकों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।''

हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के सीईओ जुआन पाबलो रोड्रिग्ज़ ने कहा, ''यह रणनीतिक निवेश हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दिखाता है। जुबिलेंट भारतिया ग्रुप की विशेषज्ञता हमारी ताकत को और मजबूती देती है, जिससे हमने अपने हितधारकों को असाधारण मूल्य प्रदान करना जारी रखा है। साथ ही हम नवाचार और स्थायी रूप से प्रगति को बढ़ावा दे रहे हैं।

श्याम एस. भारतिया, फाउंडर व चेयरमैन और हरि एस. भारतिया, फाउंडर व को-चेयरमैन, जुबिलेंट भारतिया ग्रुप ने कहा, ''कोका-कोला कंपनी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से कुछ का घर है, और हम उनके साथ जुड़कर उत्साहित हैं। साथ मिलकर हम कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अवसरों का लाभ उठाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय उपभोक्ता कोका-कोला कंपनी के लोकप्रिय स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का आनंद ले सकें।

ये बदलाव और निवेश कोका-कोला के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी ने दुनिया को तरोताज़ा करने और एक सकारात्मक बदलाव लाने के अपने उद्देश्य पर आगे बढ़ना जारी रखा है।

# काइनैटिक ग्रीन ने अनूठेकार्यक्रमों से दी महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

**पुणे एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग की अग्रणी कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने कार्यस्थल पर महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। कंपनी खासतौर पर नेतृत्व की भूमिकाओं और विनिर्माण कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी के विज़न से प्रेरित, काइनेटिक ग्रीन ऐसा माहौल तैयार कर रही है, जहां महिलाएं अपनी क्षमताओं को निखार सकें, नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें और परिवहन के बेहतर भविष्य में अपनी भूमिका निभा सकें।

काइनैटिक ग्रीन ने हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे स्थित सूपा प्लांट में अपने'वर्ल्ड इन ए रूम' अभियान का समापन किया है। इससे सामुदायिक भागीदारी, प्लांट स्तर के अभियानों और नेतृत्व विकास के माध्यम से विविधता लाने का उनका संकल्प नजर आता है। इस कार्यक्रम के शीराइजऔर स्किलहर जैसे प्रमुख कार्यक्रम, महिलाओं को नेतृत्व के गुर सिखाते हैं और उन्हें विशेष प्रकार की ट्रेनिंग से लैस बनाते हैं। इसके साथ ही तकनीकी उन्नति को आगे बढ़ा रही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए जयश्री फिरोदिया इनोवेशन अवॉर्ड की शुरुआत की गई है। साथ ही पुणे के प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम को जोश और आशाओं से भर दिया। यह दर्शाता है कि परिवहन उद्योग का भविष्य कितना उज्जवल और व्यापक है। सुश्री प्रतीक्षा टोंडवालकर (एसबीआई) और सुश्री अंजलि गुलाटी(पीपल कनेक्ट) सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने प्रतिभा रणनीतियों में दृढ़ता और विविधता पर अपने विचारों से वहां उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में श्री रंजीत कोंडेशन (सीएचआरओ), श्री धीरेंद्र सिंह(निदेशक, आरएंडडी), श्री सुंदरेश्वरन एस (निदेशक, विनिर्माण औरसंचालन) और श्री पंकज शर्मा (अध्यक्ष, 2-व्हीलर बिजनेस) ने इस बात की पुष्टि की है कि विविधता काइनैटिक ग्रीन के सिद्धांतों का अहम हिस्सा है। इससे नवचारों, सस्टेंबल विकास और एक उज्जवल भविष्य का रास्ता तय होता है। प्रबंधन के मध्यम तथा वरिष्ठ स्तर पर भूमिकाओं में महिलाओं की 40 प्रतिशत भागीदारी के साथ काइनैटिक ग्रीन, लिंग समानता को समर्पित है। साथ ही महिलाओं के नेतृत्व में अन्य महिलाओं को भर्ती करना समान अवसरों को सुनिश्चित करता है। सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी के नेतृत्व में, काइनैटिक ग्रीन ने ना केवल कंपनी के अंदर महिलाओं की भूमिकाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, बल्कि ई-लूना में 100 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाली एसेंबली लाइन भी तैयार की है। इससे लिंग समानता और विनिर्माण में इनोवेशन को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता झलकती है। महिलाओं को सशक्त बनाने की काइनैटिक ग्रीन की सोच कंपनी के आंतरिक कार्यप्रणाली से काफी आगे की चीज है। कंपनी चाहती है कि उनके प्लांट में दोपहिया और तीनपहिया वाहनों तथा गोल्फ कार्ट्स एसेंबली लाइन में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंचे। इससे तकनीकी तथा विनिर्माण भूमिकाओं में महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

इसके साथ ही ये कंपनी महिला प्रतिभाओं को नेतृत्व देकर और फाउंडर्स तथा वरिष्ठ लीडर्स से जोड़कर उन्हें सशक्त बना रही है। कॅरियर के वैकल्पिक रास्ते और साल के मध्य में पारदर्शी मूल्यांकन, योग्य महिला लीडर्स को सहयोग प्रदान करता है और उन्हें सम्मानित करता है। काम करने के लचीले घंटे और विविधता तथा योग्यता को महत्व देने वाली भागीदारी की संस्कृति जैसे विकल्पों के माध्यम से यह वर्क-लाइफ बैलेंस को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही ये कंपनी व्यक्तिगत तथा पेशेवर रूप से महिलाओं को सहयोग देने के लिए स्वास्थ तथा तंदरुस्ती को भी प्राथमिकता देती है।

सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी, को-फाउंडर एवं सीईओ, काइनैटिक ग्रीनकहती हैं, इलेक्ट्रिक वाहनों का आना एक गेम-चेंजर की तरह है जो ना केवल सस्टेंबिलिटी के लिए है बल्कि कार्यबल में भागीदारी को लेकर भी है। ईवी क्षेत्र में क्रांति आने से नए तरह के कौशल और अनोखी सोच की मांग उठने लगी है, जिससे महिलाओं के लिए ऑटोमोटिव और विनिर्माण क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। काइनैटिक ग्रीन में हम ई-लूना में 100 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाली एसेंबली लाइन और स्किलहर जैसे अभियानों के साथ बदलाव का नेतृत्व करते हुए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। इससे महिलाएं रोजगार केंद्रित ट्रेनिंग के साथ एसयूपीए क्षेत्र में सशक्त बन रही हैं। इसके साथ ही अपने साझेदारों के साथ काइनैटिक कम्युनिकेशन लिमिटेड और काइनैटिक इलेक्ट्रिक मोटर्स लिमिटेड एक सुदृढ़ व्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं, जोकि इंटर्नशिप से लेकर लीडरशिप तक की भूमिकाओ में हर स्तर पर नारी प्रतिभा को निखारता है।



# खो खो को वैश्विक स्तर पर जाते देखकर खुश हैं कोच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय टीम के कोच सुमित भाटिया 13-19 जनवरी, 2025 तक होने वाले खो खो विश्व कप के पहले संस्करण के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भाटिया के पास जीतने वाले एकमात्र मुख्य कोच होने का एक विशिष्ट रिकॉर्ड है। दो बार एशियन चैंपियन रह चुके सुमित का मानना है कि यह ऐतिहासिक कदम खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने और वैश्विक पहचान दिलाने में मदद करने के सपने के साकार होने का संकेत है। दिल्ली सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद, सुमित भाटिया 2016 और 2023 एशियाई खो खो चैम्पियनशिप जीत सहित विभिन्न भारतीय टीमों की सफलताओं का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने नसरीन शेख और सारिका सुधाकर काले जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है। ये दोनों अर्जुन अवॉर्डी रहे हैं। नसरीन जो विश्व कप शिविर का भी हिस्सा हैं, एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो एशियाई चैंपियनशिप खेली हैं और स्वर्ण पदक जीता है। कोच-छात्र की जोड़ी अब वैश्विक आयोजन के लिए तैयारी कर रही है। खो खो विश्व कप की शुरुआत की यात्रा कैसे शुरू हुई, इस पर कोच ने कहा, "हमने 2020 में कोविड होने से पहले यहां एक अंतरराष्ट्रीय शिविर का आयोजन किया था। 16 देशों के कोच और खिलाड़ी यहां आए थे और हमने उन्हें प्रशिक्षण दिया था। अब वे विश्व कप के लिए यहां आएंगे लेकिन यह अभियान उस शिविर में शुरू हुआ।' उन्होंने आगे कहा, "लगभग 30-35 देश टूर्नामेंट खेलने के इच्छुक थे लेकिन हमने पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए सर्वश्रेष्ठ 20 टीमों को चुना। कुछ देशों में एकल टीमें हैं जबकि कुछ में दोहरी टीमें हैं लेकिन टूर्नामेंट में कुल 24 देश भाग लेंगे। खो खो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना हमारा सपना था और अब हम देख सकते हैं कि हमारा सपना पूरा हो रहा है।" उन्होंने अल्टीमेट खो खो लीग के लॉन्च की भी सराहना की और बताया कि कैसे फ्रेंचाइजी-आधारित मॉडल ने खिलाड़ियों और कोचों को पहचान हासिल करने में मदद की है, साथ ही जमीनी स्तर की प्रतिभा को भी आगे लाया है। भाटिया ने कहा, "जब अल्टीमेट खो खो लीग शुरू हुई, तो मैं तेलुगू योद्धाओं के साथ उनके मुख्य कोच के रूप में जुड़ गया और हमने फाइनल भी खेला। लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को एक्सपोज़र मिला है और यह सिर्फ वित्तीय नहीं है। पहले हम खो-खो कोच होने की बात स्वीकार करने में झिझकते थे लेकिन आज हमारे खिलाड़ी हमें अपने कोच के रूप में पेश करते हैं।" उन्होंने कहा, "लीग को इतना कवरेज मिला कि हम जहां भी जाते हैं, खिलाड़ियों से ऑटोग्राफ के लिए संपर्क किया जाता है। इसलिए लीग के मंच ने कोचों और खिलाड़ियों दोनों के लिए एक नई दुनिया की शुरुआत की और अब न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया हमें जानती है। पहले हम लोगों को अपने खेल के बारे में बताते थे लेकिन अब वे जानते हैं कि खो खो और अल्टीमेट खो खो लीग क्या है और वे तीसरे सीज़न का भी इंतज़ार कर रहे हैं।' भाटिया ने खो खो पर खेल विज्ञान के प्रभाव पर भी चर्चा की और नई पेश की गई तकनीक की सराहना की, उन्होंने कहा, "हमें इससे बहुत फायदा हुआ है। कई बार हमें समझ नहीं आता कि कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पा रहा है. लेकिन खेल विज्ञान के आगमन के साथ, अब हम समस्या के विवरण के बारे में जानते हैं। उदाहरण के लिए, एक खिलाड़ी को बैठते समय अपने बाएं पैर में समस्या का सामना करना पड़ सकता है और इसलिए, यह हमें उस कमजोरी पर काम करने का मौका देता है... खेल विज्ञान ने हमें एक खिलाड़ी की सटीकता और कमजोरी की पहचान करने में मदद की है। इसलिए यह हमारे लिए बहुत फायदेमंद है।"

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज में बढ़त ली

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश ने ने वेस्टइंडीज को तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले ही मुकाबले में 7 रनों से हराकर सीरीज में के 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में बांग्लादेश ने छह विकेट पर 147 रन रन बनाकर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 148 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए इंडीज टीम 19.5 ओवर में 140 रनों पर आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 12वें ओवर में ही 61 रनों पर सात विकेट खो दिये। इसके बाद कप्तान रोवमैन पावेल ने 35 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों से 60 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन ने 13 रन पर चार विकेट लिए जबकि तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 18 रन पर दो विकेट जबकि लिए। महमूद ने अंतिम ओवर में पावेल को आउट करने के बाद अल्जारी जोसेफ को 09 रनों पर आउट कर मैच समाप्त कर दिया।। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार ने 32 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की सहायता से 43 रन बनाकर बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दी।

### लायन वारियर्स ने जीती प्रदेश की पहली टेबल टेनिस लीग

**इन्दौर।** म.प्र. टेबल टेनिस संगठन तथा प्राइम टेबल टेनिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदेश की पहली टेबल टेनिस लीग में लायन वारियर्स ने उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुये किंग पॉग टीम को 7-6 से परास्त कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम को 2 लाख, उपविजेता टीम को 1 लाख तथा दोनों सेमीफाईलिस्ट टीमो को 50 हजार रू. समेत खिलाड़ियों को कुल 16 लाख रू. की नगद ईनामी राशि प्रदान की गई। अभय प्रशाल में खेली गई स्पर्धा के फाईनल मुकाबले में लायन वारियर्स टीम से भाग्यश्री दवे ने जाकिया सुल्तान को 2-0, से, अनुज सोनी ने चेतन्य करोड़े को 2-0 से, प्रथम बॉथम ने सुमित मिश्रा को 2-0 से, अनुज सोनी व मुदित मालपानी की जोड़ी ने चेतन्य करोड़े व शौर्य भागिया को 2-0 से, संतोष खिरवड़कर ने प्रशांत महंत को 2-0 से, वही किंग पॉग टीम से सुमित मिश्रा व परमी पंकज नागदेवे की जोड़ी ने प्रथम बॉथम व पवी परदेशी की जोड़ी को 2-1 से, अथर्व सिंह ने रीदम गढ़िया को 2-1 से, परमी पंकज नागदेवे ने पवी परदेशी को 2-0 से, शौर्य भागिया ने मुदित मालपानी को 2-0 से, अथर्व सिंह व जाकिया सुल्तान की जोड़ी ने रीदम गढ़िया व भाग्यश्री दवे की जोड़ी को 2-1 से परास्त किया।

## ब्रिसबेन टेस्ट तीसरा दिन : बारिश की लुका-छिपी

# भारत की खराब शुरुआत 51 रन पर खोए चार विकेट

एजेंसी

**ब्रिसबेन।** यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने केवल 51 रन पर चार विकेट खो दिये हैं। केएल राहुल 33 और कप्तान रोहित शर्मा बिना खाता खोले नाबाद हैं। इससे पहले आज ऑसेट्रेलिया की पहली पारी 445 रनों पर समाप्त हुई। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। हालांकि इसके बाद बारिश शुरु हो गई और लंच की घोषणा हो गई। लंच के बाद जब मैच शुरु हुआ तो पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि इसके बाद फिर बारिश शुरु हो गई। बारिश जब रूकी तो पंत (09) के रुप में भारत को चौथा झटका लगा। पंत के आउट होने के बाद बारिश शुरु हो गई और चायकाल की घोषणा हो गई। बारिश रूकने के बाद मैच केवल 4 ओवर को ही हो सका और फिर बारिश शुरु हो गई, जिसके बाद दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। खेल की समाप्ति पर भारत ने 4 विकेट पर 51 रन बना लिए हैं। केएल राहुल 33 और रोहित बिना खाता खोले नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 2, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस ने 1-1 विकेट लिया।



### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 445 रन

इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1–1 विकेट लिए।

### स्मिथ ने आकाश दीप को अच्छा गेंदबाज बताया

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टीम इंडिया के युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसके पास अच्छा गेंदबाजी कौशल है। स्मिथ का मानना है कि भले ही आकाशदीप को विकेट नहीं मिले हैं पर उनकी गेंदबाजी खेलना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं था। स्मिथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि आकाश ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, विशेषकर पहले स्पैल में। वह काफी मूवमेंट के साथ गेंद को घुमा रहे थे। उन्होंने वास्तव में अच्छी लेंथ से गेंदबाजी की। वह एक अच्छे गेंदबाज हैं। यह पहली बार था जब मैंने उनका सामना किया। निश्चित रूप से उनमें कुछ कौशल है। स्मिथ ने कहा, 'जब दूसरी नई गेंद आई तो जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी करने आये और उसने वह किया जो हम जानते हैं। वहां दो विकेट खोना दुर्भाग्यपूर्ण था। स्मिथ ने इस मैच में 101 रन की पारी खेलकर 18 महीने के शतक के सूखे को समाप्त किया। उन्होंने हेड के साथ मैदान पर अपनी बातचीत का भी खुलासा किया। इसमें दोनो का मानना था कि अपने अनुसार खेलो।

## श्रेयस अय्यर ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतकर टीम इंडिया के लिए पेश की दावेदारी

एजेंसी



**मुम्बई।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुम्बई ने रविवार को सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। मुम्बई ने खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश आसानी से हरा दिया। मुम्बई की इस जीत में श्रेयस की अहम भूमिका रही। इस बल्लेबाज ने 345 रन बनाने के साथ ही शानदार कप्तानी भी की। इसी के साथ ही श्रेयस ने इस साल अपनी कप्तानी में टीम को घरेलू क्रिकेट में दूसरा बड़ा टूर्नामेंट जिताकर एक बार फिर टीम इंडिया के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। इससे पहले श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता नाइटराइडस ने खिताब जीत था। इसके अलावा ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में भी मुम्बई की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। अब माना जा रहा है कि वह आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को खिताब जीता सकते हैं। श्रेयस ने इस साल फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और ट्वंटी 20 तीनों फॉर्मेट में अपनी कप्तानी का को साबित किया है। इसी साल उन्होंने अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था पर इसके बाद भी श्रेय न मिलने पर वह आईपीएल नीलामी में उतर गये। सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने के बाद श्रेयस बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रशंसकों ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश ने पहले खेलते हुए कप्तान रजत पाटीदार के 81 रनों की बदौलत 174 रन बनाए थे। इसके बाद जीत के लिए मिला लक्ष्य मुंबई ने 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

### सूर्यांश ने विस्फोटक पारी से खींचा ध्यान

**नई दिल्ली।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में मुम्बई की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यांश शेडगे ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है। सूर्यांश ने मध्यप्रदेश के खिलाफ फाइनल में केवल 15 गेंदों में 36 रन बनाकर मैच पलट दिया। मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सूर्यांश ने 240 के स्ट्राइक रेट से 15 गेंदों पर नाबाद 36 रन की पारी खेली। मुंबई की टीम ने फाइनल में मध्य प्रदेश की टीम को 5 विकेट से हराया। सूर्यांश को हाल में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने 30 लाख में खरीदा था। खिताबी मुकाबले में 175 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 15वें ओवर में 129 रन के स्कोर पर ही अपने 5 विकेट खो दिये थे।

### गिलेस्पी ने पाक टीम का कोच पद छोड़ने के कारण बताये

एजेंसी



**सिडनी।** हाल में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच पद को छोड़ने वाले जैसन गिलेस्पी ने अब इसके कारणों का खुलासा किया है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रहे गिलेस्पी ने कहा कि उनकी उपेक्षा हो रही थी। जिसकी वजह से उन्हें मजबूरन इस्तीफा देना पड़ा। गिलेस्पी का करार साल 2026 तक का था लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को उनकी जरूरत नहीं है। गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से पाक क्रिकेट का कोच ना था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं। मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो पर ऐसा हुआ नहीं। यहां तक कि हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने की बात भी मुझे नहीं बतायी गयी। पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार को आगे नहीं बढ़ाया जबकि वह काफी फायदेमंद साबित हो रहे थे। गिलेस्पी ने कहा, ' नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत ही नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

## घरेलू और सभी अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में गेंदबाजी करने से निलंबित हुए शाकिब

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय किकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया है हालांकि वह बल्लेबाज के तौर पर खेल सकते हैं। इससे पहले शाकिब को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने संदिग्ध एक्शन के कारण निलंबित कर दिया गया है। उसी को देखते हुए ही बीसीबी ने शाकिब को निलंबित किया है। साथ ही कहा उन्हें निलंबन से बाहर आने से की टेस्ट में पास होना होगा। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट मैच के दौरान संदिग्ध एक्शन के लिए



रिपोर्ट किए जाने के बाद शाकिब इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड में आईसीसी मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र, लॉफ़बोरो विश्वविद्यालय में अपने एक्शन के स्वतंत्र आंकलन में भी विफल रहे थे। इसके बाद ईसीबी ने कार्रवाई करते हुए अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए आईसीसी के नियमों के खंड 11.3 के अनुसार उनको निलंबित कर दिया। ऐसे में अब वह राष्ट्रीय संघों की किसी भी राष्ट्रीय या घरेलू प्रतियोगिता में गेंदबाज़ी नहीं कर सकते हैं। बीसीबी ने अपने एक बयान में कहा, बीसीबी को यह सूचना प्राप्त हुई है कि राष्ट्रीय टीम के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को ईसीबी कानूनी समिति ने निलंबित कर दिया है। वह अब बांग्लादेश के बाहर घरेलू क्रिकेट और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकेंगे। यदि अब पुनर्मूल्यांकन विश्लेषण के परिणामों से उसकी कार्रवाई स्पष्ट हो जाती है, तो शाकिब को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और सभी राष्ट्रीय क्रिकेट संघों के अधिकार क्षेत्र के तहत घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं में गेंदबाज़ी करने की अनुमति दी जाएगी।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए राशिद खान की अफगानिस्तान टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान तीन साल से ज़्यादा समय बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें जिम्बाब्वे में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए टीम में शामिल किया गया है। राशिद ने इससे पहले कमर में चोट के कारण मेडिकल सलाह पर लंबे फ़ॉर्मेट से ब्रेक लिया था। राशिद ने अपना आखिरी टेस्ट भी जिम्बाब्वे के खिलाफ मार्च 2021 में अबू धाबी में खेला था। टीम में ऑलराउंडर इस्मत आलम, बाएं हाथ के स्पिनर जहीर शहजाद और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद अफगान सहित सात अनकैप्ड



खिलाड़ी शामिल हैं। तीनों को उनके मजबूत घरेलू प्रदर्शन का इनाम मिला है और वे अजमतुल्लाह उमरजई, फरीद अहमद, रियाज हसन और सेदिकुल्लाह अटल के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। हालांकि, उमरजई, फरीद और रियाज सभी न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा थे, जो इस साल की शुरुआत में सितंबर में एक भी गेंद फेंके बिना धुल गया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अंतरिम मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने एक बयान में कहा, राशिद खान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जो हमारे लाल गेंद के खेल के लिए एक आशाजनक संकेत है। बाकी टीम ने हाल ही में नांगरहार प्रांत में अच्छी तैयारी की, जिसमें 19 खिलाड़ी और सभी सहायक कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने खिलाड़ियों के साथ काम किया और श्रृंखला के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित की। हमने पूरी तरह से कार्यवाही की निगरानी की है और टीम का चयन किया है, जिसमें इस्मत आलम, बशीर अहमद और जहीर शहजाद सहित कई नए चेहरे शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अहमद शाह अब्दाली प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है।

## टीओआई को हराकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने जीता खिताब

एजेंसी

**लखनऊ।** मैन ऑफ द मैच मयूर शुक्ला (93 रन, 4 विकेट ) के दमदार आलराउंड खेल की सहायता से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग 2024-25 में खिताबी जीत दर्ज की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने टाइम्स ऑफ इंडिया को 63 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा बरकरार रखा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारत 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन का स्कोर बनाया। मयूर शुक्ला ने 62 गेंदों पर 8 चौके व 3 छक्के से 93 रन की पारी खेली। देवेश पाण्डेय ने 46 गेंदों पर 4 चोके से 49 रन बनाए। जवाब में टाइम्स



ऑफ इंडिया 16.2 ओवर में 95 रन पर आल आउट हो गया। ऋषि सिंह सेंगर (14), राजीव श्रीवास्तव (11), जुहैब (18) व शलभ सक्सेना (13) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। मयूर शुक्ला ने 4 विकेट अपने नाम किए। तरुण सिंह को 2 विकेट मिले। विशिष्ट पुरस्कारों में मैन ऑफ द टूर्नामेंट मयूर शुक्ला, सर्वश्रेष्ठ बैटर देवेश पाण्डेय व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विमलेश कुमार चुने गए।

समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अनिल कुमार (महाप्रबंधक, नेटवर्क 1, भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ) सहित विशिष्ट अतिथि डा.नवनीत सहगल (चेयरमैन, प्रसार भारती) व उत्तर प्रदेश सरकार के सचिव (खेल) सुहास एलवाई ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इससे पूर्व एलएसजेए के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय, सचिव एसएम अरशद और आयोजन सचिव दिव्य नौटियाल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित अतिथिगण सहित सभी सम्मानित जनों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन), जेड स्टार फर्नीचर के प्रोपराइटर नदीम अहमद, ईशा एडवरटाइजिंग के निदेशक एमजी टूटेजा, शुद्ध दूध के निदेशक पीयूष उपाध्याय, इरम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक फैजी यूनुस, लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास, स्पोर्ट्स गैलेक्सी के निदेशक मनीष मेहरोत्रा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

**एलएसजेए के रजत जयंती वर्ष पर कई दिग्गजों को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड:** एलएसजेए के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छह पूर्व क्रिकेटरों व 6 पत्रकारों व क्रिकेट कोचेज को खेल में उनके योगदान को देखते हुए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। इसमें पूर्व क्रिकेटरों में यूसफ अली, मजहर अली, उबैद कमाल, ज्ञानेंद्र पाण्डेय, रत्नेश मिश्रा, प्रियंका शैली, पत्रकारों में प्रदीप दुबे, राजेंद्र कात्यायन, राकेश शुक्ला, सुफल भट्टाचार्य, विनोद पांडेय, अब्बास रिजवी और कोचेज में गोपाल सिंह, शोएब कमाल, विश्वजीत सिन्हा, संकल्प सिंह, राहुल गुप्ता को सम्मानित किया गया।

## एएफसीओएन क्वालीफायर : मेजबान युगांडा ने तंजानिया के साथ ड्रा खेला

एजेंसी

**कंपाला।** मेजबान युगांडा ने रविवार को सीईसीएएफए जोन के लिए टोटलएनर्जीज अंडर-17 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) फुटबॉल टूर्नामेंट क्वालीफायर के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में तंजानिया के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। तंजानिया ने मैच की शुरुआत मजबूत टीम के रूप में की और 19वें मिनट में कंपाला के नकीवुबो हम्ज़ स्टेडियम में सालेह एले के गोल के ज़रिए बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मैच के 58वें मिनट में युगांडा ने इसिमा मगाला के ज़रिए गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। घरेलू टीम ने गोल करने के बाद गति पकड़ी और लगातार हमले किए, जबकि तंजानियाई टीम ने रक्षा में मज़बूती से काम किया।



मगाला के पास युगांडा के लिए मैच जीतने का आखिरी मिनट का मौका था, लेकिन उनका शॉट लक्ष्य से चूक गया। मैच के बाद तंजानिया के कोच एग्री मोरिस एम्ब्रोस ने कहा कि युगांडा की मजबूत टीम के खिलाफ ड्रॉ खेलना अच्छी शुरुआत थी। पूर्व तंजानियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कहा, हमने अच्छी शुरुआत की, लेकिन युगांडा ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया। उनके समकक्ष सेन्योंडो ने कहा कि पहले मैच में ड्रॉ खेलने के बाद युगांडा के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने आखिरी ग्रुप मैच में केन्या को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। दक्षिण सूडान, जिसने पहले मैच में सोमालिया को 3-0 से हराया था, अब ग्रुप बी में शीर्ष पर है, जबकि तंजानिया और युगांडा के पास ग्रुप ए में एक-एक अंक है। बुधवार को तंजानिया का सामना केन्या से ग्रुप ए में होगा, जबकि दक्षिण सूडान का सामना ग्रुप बी के मैच में सूडान से होगा। सर्वश्रेष्ठ दो टीमें अगले साल कोट डी आइवर में होने वाले अंडर-17 एएफसीओएन के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में प्रदेश सह सचिव नकुल शर्मा ने भैया- बहनों को किया संबोधित



**हजारीबाग(बिभा):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में नकुल शर्मा, प्रदेश सहसचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड ने आज वंदना सभा में भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा- भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कार युक्त शिक्षा एवं योग आधारित शिक्षा आप सभी प्राप्त कर रहे हैं। आप सभी भैया -बहन को विद्यालय में विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों के अनुसार शिक्षा दी जाती है । आप सभी पूरे मनोयोग से विद्यालय में शैक्षिक एवं सह शैक्षिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आप सभी पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर आप भारत माता की सेवा करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ते रहे तभी भारत विश्व गुरु बनेगा। मालूम हो की प्रदेश सहसचिव नकुल शर्मा ने विद्यालय का अवलोकन किया। मौके पर प्रदेश सहसचिव ने आचार्य बैठक में कहा- बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे पहले शारीरिक विकास आवश्यक है इसके साथ मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास कराकर भैया बहनों का सर्वांगीण विकास करना विद्या भारती का लक्ष्य है। आप सभी आचार्य जी- दीदी जी अपने ज्ञान को अद्यतन रखते हुए भैया- बहनों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, आचार्य अनिल कुमार विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन एवं आचार्य जी- दीदी जी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**हजारीबाग(बिभा):** न्यू समाहरणालय परिसर, हजारीबाग में जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें जिले के अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, बरही, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद रहेंगे।जिसमें हजारीबाग जिले के सभी वासियों से अनुरोध है कि अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं को रखने का कष्ट करें।

### प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में एकल लोक संगीत और मांदर की थाप पर सामूहिक पाइका नृत्य, युवा उत्सव में रहा आकर्षण का केंद्र



**हजारीबाग(बिभा):** मेरा युवा भारत (नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का भव्य आयोजन हजारीबाग के संत कोलंबस कॉलेज में सम्पन्न हुआ।विभिन्न सांस्कृतिक कला प्रतियोगिताओं में युवाओं ने उत्सव के रूप में अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया । हजारीबाग प्रमंडल के सातों जिला से प्रतिभागी बढ़चढ़ कर भाग लिए। कला के साथ साथ विज्ञान प्रदर्शनी मेला व्यक्तिगत/समूह प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रमंडल स्तर पर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान जिला चतरा जिला के अनुराग कुमार रहे। वही द्वितीय स्थान पर आरण्य कुमार जिला रामगढ़ रहें। विज्ञान प्रदर्शनी समूह में प्रथम बोकारो के अव्यान नारया समूह द्वितीय कोडरमा के रोहित कुमार समूह रहे। कहानी लेखन में प्रथम स्थान बोकारो के राकेश कुमार महतो वही द्वितीय स्थान पर रामगढ़ के रानी कुमारी रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हजारीबाग के अमन कुमार द्वितीय स्थान पर गिरिडीह के रौनक कुमार मिश्रा रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चतरा के दीपक कुमार केसरी व द्वितीय स्थान पर प्रीत राज हजारीबाग रहा। सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम स्थान चतरा के राकेश ग्रुप ,द्वितिय स्थान पर हजरिबाग के महक ग्रुप रही। एकल लोक नृत्य* में प्रथम चतरा के सिमरन साह वही द्वितीय गिरिडीह के सुनंदनी रही। सामूहिक लोकगीत में प्रथम स्थान बोकारो के राज आनंद ग्रुप वही द्वितीय डी ए वी पब्लिक स्कूल हजारीबाग रही। एकल लोकगीत में प्रथम हजारीबाग के श्रुति कुमारी, वही द्वितीय रामगढ़ के अर्पिता कुमारी रही। कविता लेखन में प्रथम कोडरमा के निरंजन कुमार । द्वितीय हजारीबाग हिमांशु कुमार रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, कार्यक्रम समन्वयक जोनी रौशिना तिर्की, उमेश कुमार, दवेंद्र कुमार, अमन कुमार, सहित जिले के प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया नवनिर्वाचित विधायकों को किया सम्मानित



**हजारीबाग(बिभा):** फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। समारोह में श्री प्रसाद की प्रचंड जीत और उनके सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की गई।फेडरेशन के सदस्यों ने विधायक प्रदीप प्रसाद को उनके अथक प्रयासों और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए उन्हें एक प्रेरणादायक नेतृत्वकर्ता बताया।कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने फेडरेशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनका है, बल्कि उन सभी लोगों का है जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि वे सदैव अपने क्षेत्र की जनता की सेवा और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।इस विशेष समारोह में बरही विधायक मनोज यादव और बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इन सभी विधायकों का भी फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन, और औद्योगिक उन्नति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि इन नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। समारोह में उद्योग जगत, व्यापार संघों के गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**माउंट कार्मल स्कूल में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन, हजारीबाग सदर विधायक व आईपीएस प्री-प्रोबेशन ने की शिरकत**

# खेलकूद बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है : विधायक




बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** माउंट कार्मल स्कूल में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस प्री-प्रोबेशन श्रुति सिंह ने शिरकत की। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जेस्सी और शिक्षकों की टीम ने अतिथियों का स्वागत फूलों के गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर किया गया। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेलकूद की विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया, जिनमें दौड़ सहित कई अन्य खेल शामिल थे।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विविधता को प्रदर्शित करने वाले नृत्य और नाटक ने अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा यह देखकर गर्व होता है कि माउंट कार्मल स्कूल न केवल शिक्षा बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है। खेलकूद बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। साथ ही कहा की हमारे टीम के द्वारा एक लाख पौधा लगाया जा चुका है आप सभी के सहयोग से इसे 5 लाख की ओर अग्रेषित करना है लिए हम सब मिलकर पौधा लगाकर अपने हजारीबाग को हरा-भरा और समृद्धि बनाएं साथी कहा कि ऐसे विद्यार्थी जीने पढ़ने में सुविधा हो रही है उनके लिए मैं सहायता पहुंचाऊंगा ताकि वह अपनी शिक्षा बेहतर तरीके से कर सके।विशिष्ट अतिथि आईपीएस प्री-प्रोबेशन श्रुति सिंह ने कहा की आज के बच्चों में जो ऊर्जा और उत्साह देखा, वह देश के उज्ज्वल भविष्य की झलक है। माउंट कार्मल स्कूल का यह प्रयास सराहनीय है, जो छात्रों को एक संतुलित और समग्र शिक्षा प्रदान कर रहा है। मैं स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देती हूं।स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जेस्सी ने कहा की यह हमारे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है कि हमने पहला वार्षिक खेल दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया। हमारा उद्देश्य है कि हम अपने छात्रों को केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके संपूर्ण विकास के लिए प्रेरित करें। हम अपने छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर और जीवन में हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार कर सके। मैं सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देती हूं। साथ ही उन्होंने माउंट कार्मल विद्यालय की ओर से आने वाले क्रिसमस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और स्कूल प्रबंधन को भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन ने न केवल छात्रों और शिक्षकों के बीच उत्साह भर दिया, बल्कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों की प्रतिभा देखने का मौका दिया। यह दिन माउंट कार्मल स्कूल के इतिहास में एक सुनहरा अध्याय बनकर दर्ज हो गया।

**फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में भव्य समारोह**

## सदर क्षेत्र के समग्र विकास और व्यापारिक समुदाय की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाया जाएगा:प्रदीप प्रसाद



**बरही को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा: मनोज कुमार यादव**

**बरकट्ठा के युवाओं और व्यापारियों को नई संभावनाओं से जोड़ने का कार्य करूंगा: अमित यादव**

बिभा संवाददाता

हजारीबाग : फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिले के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, समारोह में सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही के विधायक मनोज कुमार यादव,बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मंच संचालन कुमार केशव जी के द्वारा किया गया वही धन्यवाद ज्ञापन सचिव राकेश ठाकुर ने किया।विधायकों का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष,सचिव सहित तमाम पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा किया गया, फूलों के गुलदस्ते,अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। मंच पर विधायकों को सम्मानित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके द्वारा समाज और क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,सहसचिव अहमद तारीक रजा, कोषाध्यक्ष कपिल जैन उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।प्रदीप प्रसाद सदर विधायक ने कहा की सदर क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करूंगा। व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाएगा।मनोज कुमार यादव बरही विधायक ने कहा की बरही को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। व्यापारिक समुदाय हमारे क्षेत्र की रीढ़ है, और उनकी बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।अमित यादव बरकट्ठा विधायक ने कहा की बरकट्ठा क्षेत्र के युवाओं, व्यापारियों और किसानों के विकास के लिए मैं पूरी तरह समर्पित हूं। सभी के सहयोग से हम क्षेत्र को एक नई पहचान देंगे।फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की हमारे नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत और सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। ये जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में विकास और समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फेडरेशन हमेशा व्यापार, उद्योग और समाज के विकास के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। हम आशा करते हैं कि हमारे विधायकों के नेतृत्व में हजारीबाग और इसके आसपास का क्षेत्र एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा।फेडरेशन के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समुदाय की आवाज बनना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है। हमारे नवनिर्वाचित विधायकों के साथ मिलकर हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। हम विधायकों से अनुरोध करते हैं कि वे व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दें और क्षेत्र में बेहतर बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित करें।यह जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दी।

## खरमास हुआ प्रारंभ, अब एक महीने के बाद बजेगी शहनाई



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** भारतीय पंचांग के अनुसार, खरमास (मलमास) की अवधि प्रारंभ हो चुकी है। इस दौरान शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। खरमास हर वर्ष तब होता है जब सूर्य देव गुरु की राशियों–धनु और मीन–में प्रवेश करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब सूर्य गुरु की राशि (धनु या मीन) में होता है, तो उसकी ऊर्जा कमजोर हो जाती है, और इसे अशुभ समय माना जाता है। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, यज्ञोपवीत जैसे सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं।

हिंदू धर्म में सूर्य को जीवन और ऊर्जा का स्त्रोत माना गया है। सूर्य जब गुरु की राशियों में प्रवेश करता है, तो इसका प्रभाव शुभ कार्यों के लिए अनुपयुक्त माना जाता है। यही कारण है कि खरमास के दौरान कोई भी मांगलिक कार्य जैसे विवाह, सगाई, गृह प्रवेश आदि नहीं किए जाते।हालांकि, खरमास में धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों का विशेष महत्व है। इस दौरान पूजा-पाठ, जप, तप, भागवत कथा, और दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायी माना गया है।खरमास समाप्त होने के बाद मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होगा। सूर्य जब गुरु की राशियों से बाहर निकलकर अन्य राशियों में प्रवेश करता है, तब उसकी ऊर्जा पुनः शुभ प्रभाव डालने लगती है। खरमास के बाद विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्यों के लिए नए मुहूर्त तैयार किए जाएंगे।

## शुभम सुमन एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड अकाउंटेंसी के कार्यालय का उद्घाटन



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** शुभम कुमार, जिन्होंने कोलकाता में अपने करियर की शुरूआत की और वित्तीय क्षेत्र में वर्षों का अनुभव प्राप्त किया, अब अपने गृहनगर में एक नई पहल की है। शुभम सुमन एंड एसोसिएट्स नामक चार्टर्ड अकाउंटेंसी कार्यालय का उद्घाटन मटवारी रोड, पेपर सॉल्ट पर किया गया है। इस कार्यालय का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली वित्तीय सेवाएं किफायती दरों पर प्रदान करना है।

7 वर्षों का अनुभव, शुभम कुमार को विशेष रूप से जीसीटी और अन्य वित्तीय सेवाओं में 7 वर्षों का व्यापक अनुभव है। उनके अनुभव से ग्राहकों को सही सलाह और सेवाएं प्राप्त होंगी, कम शुल्क, बेहतर सेवा कार्यालय ने यह सुनिश्चित किया है कि अन्य विकल्पों की तुलना में यहां सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध हों। ग्राहकों को उनके पैसे का सर्वोत्तम मूल्य मिलेगा। रोजगार सृजन इस पहल के तहत अब तक 5 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है। भविष्य में और भी लोगों को रोजगार देने की योजना है।

ग्राहकों की प्राथमिकता शुभम सुमन एंड एसोसिएट्स का उद्देश्य ग्राहकों को तेज, विश्वसनीय और संतोषजनक सेवाएं प्रदान करना है। शुभम कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। उनका कहना है कि उनके मम्मी-पापा ने हमेशा उनके सपनों को उड़ान दी और जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया कार्यालय में निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की जाएंगी जिसमें जीएसटी रजिस्ट्रेशन और फाइलिंग,इनकम टैक्स रिटर्न,कंपनी रजिस्ट्रेशन,लेखा-जोखा और ऑडिटिंग

अन्य वित्तीय परामर्श सेवाएं।

शुभम कुमार ने कहा हमारा उद्देश्य न केवल लोगों को किफायती सेवाएं प्रदान करना है, बल्कि उन्हें अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करना भी है। हम विश्वास दिलाते हैं कि हमारे कार्यालय में ग्राहक की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह कार्यालय स्थानीय लोगों के लिए एक नई उम्मीद के रूप में कार्य करेगा, जो किफायती और गुणवत्तापूर्ण वित्तीय सेवाओं की तलाश में हैं।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने कड़ाके के ठंड में भी लगाया रक्तदान शिविर



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा इस साल का 41 वा रक्तदान शिविर, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में लगाया गया शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ लद्दाख में कार्यरत सेना के जवान सहदेव शर्मा एवं अरविंद कुमार गुप्ता द्वारा रक्तदान कर के किया गया, तत्पश्चाप एसोसिएशन के सदस्य अनुराग कुमार, सूरज जैन, प्रीतम पांडे ,कामिल अख्तर, रोशन कुमार मिश्रा, अनवर हुसैन, रवि रंजन सोनी, विकास चंद्र राय ,धीरेंद्र कुमार सोनी, निलेश जैन, राहुल अग्रवाल ,आकाश वाल्मीकि ,शाहिद मंजर ,पंकज गिरी ,बबलू, कमलेश कुमार ,कुंदन कुमार, उदय प्रसाद आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया, साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया ।एसोसिएशन के महासचिव विनीत छाबड़ा ने बतलाया की कड़ाके की ठंड के बावजूद रक्तदाताओं में काफी उत्साह था। ये शिविर एसोसिएशन का इस साल का 41 वा शिविर था ।22 दिसंबर को एसोसिएशन द्वारा42 वा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा ,जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन 95 वी बार रक्तदान करेंगे । सभी रक्तदाताओं से अनुरोध है कि वे इस रक्तदान शिविर रक्तदान कर उनका मनोबल बढ़ते हुए, मानवता का परिचय दें ।शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ,महासचिव विनीत छाबड़ा ,कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन , सक्रिय सदस्य सूरज जैन ,प्रीतम पांडे मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मोकीम अख्तर, शमशाद हुसैन, आर खैरी, मधु कुमारी निहाल राज आदि का विशेष सहयोग रहा ।

# उप विकास आयुक्त ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार आज 16 दिसंबर को उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, नवसृजित प्रखंड सह अंचल कार्यालय निर्माण कार्य की प्रगति, डीएमएफटी,पीएम अभीम,15 वें वित्त,जिला अनाबद्ध,व पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।डीएमएफटी मद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 30 नवंबर 2024 तक विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से 1037 योजनाओं को स्वीकृत करते हुए कार्य आबंटित किए गए है जिसमें 505 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त ने इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में जमीनी विवाद आते है उनकी सूचना देने को कहा।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ क्रियान्वित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने, क्षेत्र भ्रमण करने और नई योजनाओं को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रधानखंता आजीविका महिला समूह के कार्यालय से उपस्कर की चोरी



**बलियापुर (बिभा) :** प्रधानखंता पंचायत के बगल में विवाह भवन में स्थित आजीविका महिला संकुल संगठन स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड के कलस्टर कार्यालय से पिछले दिनों 5 ऑफिस कुर्सी, 15 फाइबर चेयर, 4 दरी, एक गैस चूल्हा तथा अन्य उपस्कर की चोरी हो गई थी। महिला दीदियों ने कई बार आवेदन दिया परन्तु प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाया था। तब महिला दीदियों ने प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी को मामले से अवगत कराया। उप प्रमुख ने थाना प्रभारी आशीष भारती से दूरभाष से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि वो छुट्टी में है। तब महिला दीदियों के साथ प्रखंड उप प्रमुख बलियापुर थाना पहुंची और चोरी का प्राथमिकी दर्ज करने को कही। और महिला दीदियों ने आवेदन दिया। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, अध्यक्ष पूजा देवी, सचिव काजल देवी, कोषाध्यक्ष लजीमन बीबी, पार्वती देवी, पूर्णिमा देवी, तारा देवी, शीतला देवी, एलिन लकड़ा, कुमारी रीना महतो, रेणुका मल्लिक, शीला देवी, बालिका देवी, जमुना देवी, अनीता कुमारी, कविता कुमारी, रेखा कुमारी महतो, माधुरी कुमारी, हलीमा बीबी, रुपाली दा, रुखसाना बीबी, नमिता कुमारी, माया दत्ता, मंजू देवी आदि उपस्थित थी।

## 31 दिसंबर को आयोजित डहरे टुसू को लेकर बैठक



**बलियापुर(बिभा) :** प्लस 2 उच्च विद्यालय बलियापुर के प्रांगण में बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि दिनांक 31 दिसंबर को मंच की और से जो डहरे टुसू का आयोजन किया गया है। उसमें ज्यादा से ज्यादा लोग भागीदारी करेंगे। साथ ही टुसू, चौड़ल के साथ साथ सांस्कृतिक दल झूमर, नटवा आदि की झांकी भी रहेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 जनवरी को डहरे टुसू शोभा यात्रा सरायढेला मड़प थान से रणधीर वर्मा चौक तक होगी तथा वहां टुसू की झांकी और झारखंडी संस्कृति को दिखाया जाएगा। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी, स्वपन कुमार महतो, चौधरी चरण महतो, निरीश कुमार महतो, विश्वजीत महतो, सिदाम कटियार, शिव प्रसाद महतो, अवनीकांत महतो, पंकज कटियार, सीमा महतो, सुनीता महतो, भानु महतो, बाला महतो आदि उपस्थित थे।

## शत्रुघ्न महतो के अथक प्रयास से अतिशीघ्र चालू होगा तेलमोचो जलापूर्ति योजना



**महुदा(बिभा)।** बाघमारा के लोकप्रिय विधायक शत्रुधन महतो के अथक प्रयास से अति शीघ्र प्रारंभ होगी तेलमोचो जलापूर्ति योजना ,आज बाघमारा विधायक ने तेलमोचो स्थित जलापूर्ति योजना के प्रारंभिक स्थल जल मीनार (पीएचडी) विभाग के सभी पदाधिकारी के साथ पहुंचे,जलापूर्ति के सभी मशीनों को जल्द दुरूस्त करने का पीएचडी विभाग को निर्देश दिए,सभी विधि व्यवस्था का जायजा लिए,साथ ही अतिशीघ्र व्यवस्थित तरीके से जलापूर्ति योजना को चालू करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिए,ताकि तेलमोचो, लोहापट्टी, कांड्रा पंचायत के लोगो को जल की किल्लत की सामना नहीं करना पड़ेगा, बताते चले कि इस तेलमोचो जलापूर्ति योजना भाजपा सरकार रघुवर दास के कार्यकाल में पूर्व विधायक ढुल्लू महतो के अनुशंसा पर बनाया गया था, लेकिन कमीशन खोरी के कारण इस जल आपूर्ति योजना में घटिया सामग्री एवं ऐसे पानी की टंकी बनाई गई है जिससे बनते के साथ ही पानी टंकी में पानी की लीकेज शुरू हो गया था, जिसका विरोध तीनों पंचायत के पूर्व मुखिया पूनम देवी, छोटेलाल महतो,चक्रधारी महतो, द्वारा तेलमोचो पेट्रोल पंप के समीप कई दिनों तक धरना प्रदर्शन भी किया गया था, पीएचडी विभाग के अधिकारी द्वारा आश्वासन देने के बाद धरना धरना को समाप्त किया गया था, वही ठेकेदार द्वारा 3 वर्ष पानी को चलाने के लिए विभाग की आदेश था लेकिन ठेकेदार इसे अपना पीछा छुड़ा लिया है, इस योजना में ऐसी कई घोटाला हुआ है, विभाग का पैसा को दुरुपयोग किया गया है।

## श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस में महाप्रसाद भंडारा का आयोजन



**धनबाद(बिभा) ।** श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर के तत्वाधान में आयोजित सुरेन्द्र हरीदास के पावन सान्निध्य में 8 से 16 दिसमब तक सूर्य नारायण मंदिर के प्रांगण में श्री मद्भागवत कथा में किया गया जिसमें तकरीबन 3000 भक्त श्रद्धालु आज महाप्रसाद भंडारा में शामिल हुए और भगवान के चरणों में हाजिरी लगाएं और भगवान से प्रार्थना किए हैं की धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो,विश्व का कल्याण हो, प्राणियों में सद्भावना राधा गोविंद भगवान की जय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ एवं सफल करने वाले सभी भक्त श्रद्धालुओं को विशेष धन्यवाद दियाकथा को सफन बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी अशोक कुमार वर्मा गीता देवी,विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी,संजय चौधरी,सुमन चौधरी केडिया परिवार, सांवरो सेठ निशान यात्रा,श्रीकृष्ण गुप्ता नर्मदा देवी, अवधेश प्रसाद गुप्ता मनिषा देवी,मनोज कुमार गुप्ता कविता गुप्ता,उदय वर्मा सुष्मा वर्मा,सुशील खैतान माया,बिजय झा, शिवानी झा खैतान,महेश अग्रवाल,राजेश चौखानी,बिकास साहू, हिम्मत सिंह सुमन देवी,संजय गुप्ता आदि समाज के सभी के सहयोग से सफल आयोजन किया गया ।

## ई बी सेक्सन केवड़ा में श्री श्री 24 घन्टे अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन



**केंदुआ(बिभा)।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ई बी सेक्सन केवड़ा कालोनी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 24 घन्टे अखण्ड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम बुतरू पण्डित जी के द्वारा मंत्रोउचारन के साथ पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई जो विबिन्न स्थानों का भ्रमण कर वापस अखण्ड स्थल आकर स्थापित हुई। दिनांक 15/12/2024 को 1,30 बजे से अखण्ड हरिकीर्तन भव्य पंडाल व आकर्षक साज सज्जा के अंदर अनुष्ठान का शुभारंभ की गई। कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री एस पी सिंह एवं उनके पत्नी थे।कार्यक्रम में भक्तगण हरे राम हरे कृष्ण का गान गाते हुए फेरे लगा रहे थे। वहीं गायक मंडली ढोल,नाल,बेन्जू,झाल,हार्मोनियम से भक्ति गान का धुन निकाल कर अखण्ड अनुष्ठान में फेरे लगा रहे भक्तो एवं मुहल्ले वाशियों को मन मुग्ध कर दिया।यह 24 घण्टे का अखण्ड अनुष्ठान आज दिनांक 16/122024 को 1,30 बजे हवन के साथ सम्पन्न हुई। तदपश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष तथा बच्चे भक्ति पूर्वक प्रसाद ग्रहण किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से एस पी सिंह,पंकज पटेल,महेंद्र चौहान,सन्दीप सिंह,छोटू सिंह,अश्वनी कुमार,धर्मराज चौहान,धर्मेन्द्र मण्डल,दिलीप चौहान,प्रदीप पासवान,शनि कुमार, बेन्जू मास्टर विजय दास,नाल वादक इंद्रदेव पासवान,हार्मोनियम मास्टर मनु पासवान आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण आवश्यक: डीसी

बिभा संवाददाता



**धनबाद ।** स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए और उसका जमीनी स्तर पर उत्तम निष्पादन करना चाहिए।उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट की शुरूआत के लिए आयोजित एक समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी टीकाकरण कार्यक्रम में एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। लोगों के बीच जागरूकता लाकर बच्चों और उनकी माता को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक लाना होगा। माता एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र (एम.टी.सी.) में लाकर कुपोषण से मुक्त करना होगा।

बैठक में उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण, टीकाकरण से रोके जाने वाली बीमारियां, टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव (ए.ई.एफ.आइ.) सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ अमित कुमार ने बताया कि नवंबर 2024 तक टीकाकरण में धनबाद जिले की उपलब्धि लगभग 96% है। जबकि हेपेटाइटिस बी में 94% रही। उन्होंने टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव, रिपोर्टिंग करने की पद्धति, ग्लोबल वैक्सीन एक्शन प्लान, ए.ई.एफ.आइ. के लिए क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट का टिका लगाकर इसका शुभारंभ किया गया।

साथ ही ए.ई.एफ.आइ. सर्विलांस एंड रिस्पांस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।

समारोह में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उत्तरी छोटानागपुर के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ सिद्धार्थ सनयाल, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, डॉ रवि रंजन झा, डॉ सुनिल कुमार के अलावा बाघमारा, बलियापुर, धनबाद सदर, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची, टुंडी के एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक

**दुमका(बिभा) :** उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। इस दौरान उन्होंने अब तक की गई कार्रवाई को लेकर परिवहन विभाग, खनन विभाग, प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों से समीक्षा की तथा सघन कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें एवं अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई करें।उपायुक्त ने जिले में कोयला,बालू,पत्थर के अवैध कारोबार पूर्णत रोक लगाने के लिए सभी अंचलाधिकारी को नियमित क्षेत्रों में जांच करने एवं वाहनों को सख्ती से जांच करने को लेकर निर्देशित किया।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर बैठक का आयोजन

# देवघर में 22 दिसंबर को 10 केंद्रों पर होगी चौकीदार बहाली परीक्षा, सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

बिभा संवाददाता



**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति संबंधी बैठक का आयोजन समाहरणालय कक्ष में किया गया।इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर आगामी 22 दिसंबर को लिखित परीक्षा होनी है। ऐसे में आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभ्यर्थियों की सुविधा, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन, फिजिकल टेस्ट आयोजन को लेकर आवश्यक सभी व्यस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था न हो। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने संबंधित अधिकारियों को चौकीदार नियुक्ति से जुड़ी जानकारी के साथ परीक्षा केंद्रों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों के चयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आगे प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) निर्गत करने एवं उसे आवेदकों को भेजने हेतु संबंधित प्रखंड, अंचल का निर्धारण किया गया है। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। ऐसे में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेंटर ऑब्जर्वर एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेर्शों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। आगे उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि 22 दिसम्बर को जिले के कुल 10 केंद्रों पर चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का सफल आयोजन किया जा सके। साथ ही मेडिकल टीम, पेयजल, चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया सम्पन्न कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। आगे बैठक में विचार विमर्श करते हुए शारीरिक जांच, शारीरिक माप, दौड़ एवं शारीरिक जांच कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सवः जिला स्कूल मैदान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



बिभा संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** जिला खेल कार्यालय,एनएसएस व नेहरु युवा केंद्र की पलामू यूनिट की संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय युवा उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके पूर्व उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व जिला खेल पदाधिकारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेदिनीनगर के जिला स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक लोक नृत्य,एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत,एकल लोकल गीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, फोटोग्राफी आदि सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इसमें पलामू जिले के स्कूल,कॉलेज से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम,द्वित्तीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि एवं प्रमाणपत्र दिया जायेगा।जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम विजेता मंगलवार को आयोजित होने वाले प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे एवं प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम विजेता 21-23 दिसंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय के सिकंदर, एनएसएस कोऑर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीडब्लूएससी की हुई बैठक

बिभा संवाददाता

**सिमडेगा:** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति (डीडब्लूएससी) की बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- 2 अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवम वितीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिला जेल एवम स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया राज्य समन्वयक सही श्रेया त्रिपाठी के द्वारा जिले के प्रगति के बारे पीपीटी के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत किया गया इस दौरान ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए के मुदे पर चर्चा हुई एवम उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला जल वम स्वच्छता समिति सिमड़ेगा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण का प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखना और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ प्लस गांव और स्वच्छता, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है। उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को शौचालय योजना आच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने ओडीएफ प्लस के सात घटकों यथा-खुले में शौच मुक्त के स्थायित्व को बनाए रखना, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, गोबर-धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सुरक्षित माहवारी प्रबंधन एवं मलीय कचरा प्रबंधन से जुड़े जिला अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी ली तथा दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी निमार्ण कार्य की वेरिफिकेशन करने की बात कहीं।

साथ ही उन्होंने फेज-2 से जुड़े कार्यों को 15वें वित्त आयोग पंचायती राज, मनरेगा ग्रामीण विकास एवं जिला परिषद विभाग को योजना का क्रियान्वयन अभिसरण माध्यम के पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने व जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने ठोस एवं तरल कचरा अवशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किसी भी हाल में किसी भी स्तर पर न हो, इसे सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। ग्राम पंचायत लेबल में सेग्रेशन शेड के निर्माण कार्य की जानकारी ली।

## डीडीसी ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न सुचकांको की समीक्षा की

बिभा संवाददता


**पलामू :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत बैठक करते हुए स्वास्थ्य,शिक्षा,समेत सभी 5 क्षेत्रों के विभिन्न सुचकांको की समीक्षा की गयी।बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिला की स्थिति से क्षेत्रानुसार उप विकास आयुक्त को अवगत कराया।इस दौरान बताया गया कि अगस्त महीने में डेल्टा रैंक 80 से सुधार होते हुए 62 पर आ गया है।वहीं शिक्षा में 44,स्वास्थ्य और पोषण में 35,कृषि और जल संसाधन में 30,वित्तिय समावेशन और कौशल विकास में 102 और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में 111 रैंक है। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ दिनों में जिले में केंद्र मंत्री का आगमन संभावित है।ऐसे में आप सभी संबंधित पदाधिकारी सितंबर अक्टूबर एवं नवंबर माह का रिपोर्ट जमा करें ताकि जिले का समेकित रिपोर्ट बनाया जा सके। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में अभी और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने हेतु अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया साथ ही आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही।इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी,कृषि पदाधिकारी,समेत अन्य उपस्थित रहे।

## धनबाद आयकर विभाग ने आउट रिच प्रोग्राम के तहत इंडियन पब्लिक स्कूल के छात्रों को किया पुरस्कृत

बिभा संवाददाता



**धनबाद :** बरवाअड्डा खरनी मोड में स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में धनबाद आयकर विभाग( छुट )के द्वारा आउट रिच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंच की अध्यक्षता आयकर अधिकारी विनोद कुमार पाठक एवं मंच संचालन आयकर कार्यालय ( छुट) धनबाद के निरीक्षक धनंजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आय-कर विभाग वार्ड एजमसन धनबाद के अधिकारी राजीव रंजन झा उपस्थित थे । आयकर विभाग से संबंधित समाज और देश में की जाने वाली भूमिका के बारे में राजीव रंजन झा आयकर अधिकारी छूट धनबाद ने विस्तार रूप से कार्यक्रम के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रस्ट, चैरिटेबल ट्रस्ट ,संस्था , शैक्षणिक संस्थान, हॉस्पिटल को आयकर विवरणी दाखिल करने से संबंधित और असुविधाओं का निवारण तथा आयकर छूट में नए प्रावधानों के बारे में अवगत कराना था । इससे आयकर विभाग में शिकायत को कम करने के साथ-साथ संबंधित संस्थाओं को जागरूक किया जा सके । आज विद्यालय प्रांगण में आउटरीच प्रोग्राम दो चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा बच्चों को आयकर विभाग के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। दूसरे चरण में विद्यालय के खुले प्रांगण में बच्चों के बीच आयकर विभाग के द्वारा समाज और देश निर्माण में की जाने वाली भूमिका का विस्तृत चर्चा किया गया तत्पश्चात बच्चों के बीच सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ 50 विद्यार्थियों को संतावना पुरस्कार आय कर विभाग के द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चों को पुरस्कार स्वरूप कलम और अन्य पाठय सामग्री दी गई । बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं उनका उत्साह उपस्थित शिक्षक एवं स्कूल के निदेशक ने बढाया । कार्यक्रम में इंडियन पब्लिक स्कूल के निदेशक सुधीर सिंह ने आयकर विभाग के सभी अधिकारीयों को धन्यवाद देते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों में भी काफी उत्साह बढ़ी है और आने वाले समय इसका अच्छा प्रभाव दिखेगा । प्रधानाचार्य सिद्धार्थ दास ,शिक्षक श्वेता झा, सुषमा मिश्रा, गमेश बेसरा ,उज्जवल कु पाठक , उमेश रजवार इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाया ।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com